उज्जैन
गुरुवार
29
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-87
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



सारा अली खान के करियर पर ओरी ने कसा तंज यूजर्स ने बताया घटिया इंसान हाल ही में एक्ट्रेस ने अनफॉलो किया था

पेज- 8




## सरकार की पहचान रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा, हमारी सरकार की पहचान रही है, रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म। अब हम रिफॉर्म एक्सप्रेस पर चल पड़े हैं। सत्र के प्रारंभ में राष्ट्रपति ने सांसदों से जो अपेक्षाएं व्यक्त की हैं, मुझे विश्वास है कि सांसदों ने उसे गंभीरता से लिया होगा। उन्होंने कहा कि यह सत्र बेहद महत्वपूर्ण है। 21वीं सदी का एक चौथाई हिस्सा बीत चुका है। यह दूसरे चौथाई की शुरूआत है। 2047 विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अहम 25 सालों की शुरूआत हो चुकी है।' एक दिन पहले बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित किया था।



## राज्य सेवा परीक्षा के नतीजों के बाद मिले 36 नए डिप्टी कलेक्टर

**भोपाल।** एमपी को 36 नए डिप्टी कलेक्टर मिले हैं। राज्य लोक सेवा आयोग ने 2023 और 2024 में राज्य सेवा के लिए संयुक्त परीक्षा आयोजित की थी। परिणाम के आधार पर राज्य प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति के लिए कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में नए डिप्टी कलेक्टरों को पदस्थ किया गया है। परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी न करने पर इस अवधि में शासन द्वारा उन पर वेतन भत्ते, अग्रिम तथा प्रशिक्षण व्यय की राशि उन्हें शासन को लौटानी होगी। इसके लिए बांड भरना होगा। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन सभी चयनित अभ्यर्थियों के लिए अंशदान पेंशन योजना लागू होगी। परीवीक्षाधीन अधिकारी छह फरवरी 2026 तक कार्यभार ग्रहण करेंगे और नौ फरवरी से प्रारंभ होने वाले संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यकम में सम्मिलित होने एक दिन पहले प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का माघ मेला छोड़ने का ऐलान

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला छोड़ दिया है और वह काशी के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका मन इतना व्यथित है कि वे बिना स्नान किए ही विदा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज हमेशा से आस्था और शांति की धरती रही है। श्रद्धा के साथ यहां आया था, लेकिन एक ऐसी घटना हो गई, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। इस घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया। इससे न्याय और मानवता के प्रति मेरा विश्वास कमजोर हुआ है।



## बांदीपोरा में शोक सभा के दौरान अचानक गिरी छत, 10 लोग घायल

**बांदीपोरा (जम्मू कश्मीर)।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा जिले में बुधवार को एक शोक सभा के दौरान एक रिहायशी घर की छत गिरने से करीब 10 लोग घायल हो गए। मामला हाजिन इलाके के चंदरगैर गांव की है, जहां लोग एक शोक सभा में शामिल होने के लिए एकत्र हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि, यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग एक शोकाकुल परिवार को संवेदना व्यक्त करने के लिए घर के एक कमरे में एकत्र हुए थे। तभी अचानक छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया और सीधे शोक व्यक्त करने वालों पर गिर गया। चश्मदीदों ने बताया कि कई लोग कुछ देर के लिए गिरे हुए सामान के नीचे दब गए थे। आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को पास के अस्पताल ले गए।

### क्षेत्रीय विधायक महेश परमार ने 50 लाख मुआवजा की मांग रखी

# फसल बर्बाद, किसान फंदे पर लटका

### तहसीलदार बोले सर्वे करवाया, पंचनामा बनवाया, मृतक कृषक की फसल में कोई नुकसानी नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

जिले के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार को अपराह्न मावठे की बारिश एवं ओलावृष्टि हुई थी। माकड़ौन के खेड़ा जमुनिया के कृषक पंकज पिता आत्माराम मालवीय 30 वर्ष ने मंगलवार को पूर्वान्ह में सोश्यल मीडिया पर फसल बर्बादी का वीडियो डालकर देर रात अपने खेत पर वृक्ष से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में क्षेत्रीय विधायक महेश परमार ने किसान के परिजन को 50 लाख मुआवजा की मांग की है। प्रशासन ने किसान की फसल का सर्वे करवाया है जिसमें उसकी फसल ठीक सामने आई है।

माकडौन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार किसान पंकज मंगलवार रात को घर से खाना खाकर खेत पर गया था। उसके बाद सुबह परिजन मवेशी छोड़ने खेत पर पहुंचे तो उन्होंने उसे पेड़ से लटका देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाईड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का माकड़ौन में पोस्टमार्टम करवाया एवं परिजनों के सुपुर्द किया। कृषक का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव खेडा जामुनिया में किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कृषक ने मंगलवार सुबह सोश्यल मिडिया पर फसल बर्बादी का वीडियो डाला था। कृषक की आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मर्ग जांच जारी है।



**अप्रेल में बहन की शादी करने वाला था-** कृषक के परिजनों के अनुसार उसके पिता की कुछ सालों पहले मौत हो चुकी है और उसके पास करीब 8 बीघा जमीन है। उसकी एक बेटी-बेटा था और दो दिन पूर्व उसने बहन की सगाई की थी, जिसकी शादी अप्रैल में किया जाना तय था। उसने अपने समधी को भी कल चर्चा के दौरान फसल की बबार्दी का जिक्र किया था।



- **विधायक ने 50 लाख मुआवजे की मांग रखी-**कृषक की मौत की जानकारी लगने पर गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश परमार ने कहा दुख की इस घड़ी में हम परिवार के साथ है परिवार ने बताया पंकज के पास लगभग 6 बीघा की खेती है और गेंहू फसल लगाई थी जो पूरी तरह चौपट हो गई। आर्थिक तंगी से पहले ही परेशान था उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली फसल बर्बादी कि और देर रात आत्महत्या कर ली। मैंने 50लाख रु मुआवजा परिवार को दिलवाने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है साथ ही प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द सर्वे करवाकर किसानो के नुकसान की भरपाई करने को पत्र लिखा है। प्रशासन फसल नुकसानी को मानने को तैयार नहीं है।
- **फसल में कोई नुकसानी नहीं-** क्षेत्रीय प्रभारी तहसीलदार नवीनचंद्र कुंभकार का कहना था कि मृतक किसान के खेत पर खडी फसल का सर्वे उन्होंने पटवारी से करवाया है। कृषक के खेत पर गेहूं की फसल खड़ी है जिसमें ऐसा कोई नुकसान सामने नहीं आया है। फसल का वीडियो बनाकर पंचनामा बनाया गया है। क्षेत्र में सभी 120 गांवों में 20-22 में नुकसान हुआ है लेकिन खेडा जामुनिया में ऐसा नुकसान सामने नहीं आया है। क्षेत्र में बारिश हुई थी वह भी मंगलवार अपरांह में हुई थी मृतक कृषक ने तो पूर्वान्ह से ही सोश्यल मीडिया पर वीडियो डाल दिया था। कृषक की आत्महत्या से फसल का लेना देना नहीं है।

## बस-ट्रेलर की टक्कर में मां-बेटे समेत 4 की मौत, 5 यात्री घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भरतपुर**

राजस्थान के भरतपुर में स्लीपर बस और ट्रेलर की भीषण टक्कर में मां-बेटे समेत 4 यात्रियों की मौत हो गई। 5 यात्री घायल हो गए। बस कासगंज (उत्तर प्रदेश) से जयपुर जा रही थी। इस दौरान सेवर पुल पर खड़े ट्रेलर में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। बस में फंसे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। एक्सीडेंट सेवर थाना इलाके में आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे पर बुधवार-गुरुवार की देर रात करीब 2.30 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला गया। घायलों को तुरंत आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शव मॉच्युरी में रखवाए गए। परिजनों को सूचित कर दिया है। उनके आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

### हिमाचल में बर्फबारी, 889 सड़कें और हजारों बिजली ट्रांसफार्मर ठप

## उत्तराखंड में सड़कों पर 4 फीट बर्फ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान -6 डिग्री से -1 डिग्री के बीच रहा। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम -6.1 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

बर्फबारी के कारण हिमाचल में चार नेशनल हाईवे सहित कुल 885 सड़कें और 3 हजार से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। पाइपलाइन में पानी जमने से वाटर सप्लाई भी बंद हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं।

इधर, उत्तराखंड में दो दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद आज धूप खिली है। हालांकि, बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में सड़कों पर अभी भी 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी है। चमोली के औली में बुधवार को लगभग 2 फीट बर्फ गिरी। राज्य में एवलांच का खतरे का अलर्ट जारी किया गया है।

पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी दिख रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में फिर से सर्दी और कोहरे का असर बढ़ गया है। यूपी के गोरखपुर में गुरुवार सुबह बारिश हुई। कल अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बारिश हुई थी।

### कंटेनर में था 260 गायों का मांस, अफसर झूठे साबित हुए

# 26 टन गो-मांस पर अफसर बोले- ले-देकर केस निपटाओ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 26 टन गोमांस की तस्करी के मामले ने पूरे प्रशासनिक अमले को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। इस मामले के मुख्य आरोपी असलम चमड़ा को पुलिस ने रिमांड पर ले लिया है। उससे यह जानने की कोशिश की कि 260 गायों के बराबर यह मांस आखिर आया कहां से?

इस गिरफ्तारी से ज्यादा चौंकाने वाली कहानी उस रात की है, जब इस पूरे खेल का पर्दाफाश हुआ। जब जय भवानी हिंदू संगठन के अध्यक्ष भानू हिंदू और उनकी टीम ने अपनी जान पर खेलकर गोमांस से भरे कंटेनर को रोका। फिर सिस्टम के झूठ से पूरी रात और अगले 20 दिन तक लड़ाई लड़ी।



**सीएम के काफिले का बहाना और पुलिस का ड्रामा-** जैसे ही ट्रक रुका, भानू ने ड्राइवर से पूछा, इसमें क्या है? ड्राइवर ने आत्मविश्वास से जवाब दिया, बफेलो मीट है। भानू ने कहा, मुझे पक्की खबर है कि इसमें गाय का मांस है। यह सुनते ही ड्राइवर ने कुछ कागजों से भरा एक लिफाफा उनकी ओर बढ़ा दिया।

इसी बीच एक अप्रत्याशित मोड़ आया। उस समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का काफिला वहां से गुजरने वाला था, जिसके कारण सड़क पर भारी पुलिस बल और चेक पॉइंट्स लगे हुए थे। ट्रक रुकते ही पुलिसकर्मी दौड़कर वहां आए।

भानू बताते हैं, पुलिसवालों ने मुझसे कहा कि सीएम साहब का काफिला गुजरने वाला है, जल्दी से यहां से ट्रक हटवाएं, रास्ता जाम मत करो। वे ट्रक को वहां से जल्द से जल्द रवाना करना चाहते थे, लेकिन मैं ट्रक के सामने अड़ा रहा और उसके बम्पर पर लटक गया। मैंने कहा कि जब तक इसकी जांच नहीं होगी, मैं इसे जाने नहीं दूंगा।

**अफसर बोले- यह तो बफेलो मीट है, शक कैसे कर सकते हैं-** मामला बढ़ता और भीड़ को इकट्ठा होता देख, प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। रात के लगभग 3 बजे, प्रशासन के कहने पर पशु चिकित्सकों की एक टीम को मौके पर बुलाया गया, लेकिन यहां से शुरू हुआ झूठ और मामले को दबाने का असली खेल। भानू के अनुसार, टीम ने आते ही कह दिया कि उनके पास सैंपल लेने के लिए आवश्यक उपकरण और टीम नहीं है। उन्होंने बस दूर से देखकर ही फौरी तौर पर इसे 'बफेलो मीट' बता दिया, लेकिन भवानी संगठन के कार्यकर्ता अपनी मांग पर अड़े रहे। उनका स्पष्ट कहना था कि जब तक मांस का सैंपल लेकर लैब में जांच नहीं हो जाती, वे एक इंच भी नहीं हटेंगे।

## खबर एक नजर...

### हिरासत में आया हफ्ता मांगने वाला बदमाश

**उज्जैन।** वृंदावनपुरा में रहने वाला निर्मल पिता कचरूलाल पंथी मंगलवार रात घर के बाहर खड़ा था। उसी दौरान क्षेत्र का रहने वाला बदमाश जमना पिता कालूराम कहार आया और 1 हजार रुपए हफ्ता मांगने लगा। निर्मल से रुपए देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। अवैध वसूली की मांग करने वाले बदमाश की रात 1 बजे निर्मल ने जीवाजीगंज थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चार धाराओं में प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू की और बुधवार शाम उसे हिरासत में ले लिया। जिससे गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जायेगा।

### 36 पदाधिकारियों के दल ने श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए

**उज्जैन।** आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत, भारत सरकार के 'माय भारत' (युवा मामले विभाग और खेल मंत्रालय) के 36 पदाधिकारियों के दल ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकालेश्वर जी के दर्शन किए। दर्शन उपरांत प्रशिक्षु दल ने श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा प्रदाय की जाने सुविधाओं एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अधिकारियों का स्वागत एवं सत्कार किया गया।

### उज्जैन में ओलावृष्टि के बाद तेज हवाओं ने ठंड बढ़ाई

**उज्जैन।** उज्जैन में हुई ओलावृष्टि के चलते शहर में सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुरुवार सुबह से बादलों ने डेरा जमा रखा था, जिसके चलते ठंडी हवाएं शहर में चल रही हैं। तेज हवाओं के चलते आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और उत्तर की ओर से आ रही सर्द हवाओं के कारण मालवा क्षेत्र में काफी ठंडक महसूस हो रही है। शहर में रविवार रात को पारा 12 डिग्री था, जो अगले ही दिन सोमवार रात को बढ़कर 16 डिग्री पहुंच गया। लेकिन मंगलवार और बुधवार को कई क्षेत्रों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण रात का तापमान फिर गिर गया। बीती रात पारा 4 डिग्री गिरा और बुधवार रात को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया। जिसके चलते गुरुवार सुबह से ही शहर में ठंडक और सर्द हवाएं बनी हुई हैं। सुबह कई लोग अलाव जलाकर ताप लेते दिखे, जबकि दोपहिया वाहनों पर निकलने वाले लोग ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए और तरह-तरह के जतन कर रहे थे। मंगलवार शाम को जिले में तेज हवा के साथ हुई बारिश के चलते घट्टिया और तराना तहसील के ग्राम बनड़ा, बमोरी और आसपास के गांवों में कई किसानों की फसल बर्बाद हो गई। करीब आधे घंटे तक चली बारिश से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इसका असर गुरुवार को भी देखने को मिला।

### डाटा प्रवाह अत्यंत आवश्यक- प्रो.भारद्वाज

**उज्जैन।** डाटा प्रवाह के विभिन्न अवयव मिलकर एक स्पष्ट, नागरिक-केंद्रित व्यवस्था स्थापित करते हैं जो नवाचार और जिम्मेदार उपयोग को सक्षम बनाते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करती है। आरबीएस शैक्षणिक समूह नीमच के नवाचार सामुदायिक जागरुकता के कैंपस आउटरीच परिसंवाद प्रसंग आयोजन में अपने आशीर्वचन शुभकामना संदेश में प्रो डॉ. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन ने प्रो डा धर्मेंद्र मेहता द्वारा संयोजित सात सूत्रीय डाटा संरक्षण शपथ ग्रहण आयोजन के अभिनव नवाचार प्रयास पर हर्ष व्यक्त किया। प्रो. डॉ. धर्मेंद्र मेहता निदेशक संकाय अध्यक्ष प्रबंध अध्ययन ने उद्बोधन में बताया कि डाटा संरक्षण नियम यूरोप परिषद की मंत्रिपरिषद की समिति द्वारा वर्ष 2006 में ही व्यक्तिगत गोपनीयता का सम्मान करने और उसकी रक्षा करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और विश्व स्तर पर सीमा पार डेटा प्रवाह में कन्वेंशन 108 की भूमिका को उजागर करने के लिए प्रत्येक वर्ष 28 जनवरी को डेटा संरक्षण दिवस के सात सिद्धांतों के साथ वैधता, निष्पक्षता और पारदर्शिता, उद्देश्य सीमा, डेटा न्यूनीकरण; सटीकता, भंडारण सीमाएं, अखंडता और गोपनीयता और जवाबदेही को रोपित किया गया।

### जिले में महिदपुर तहसील के अधिक प्रभावित होने की जानकारी सामने आ रही

# तहसीलों के कुछ क्षेत्रों में फसलों पर प्रकृति का वज्रपात

## महिदपुर में ओलावृष्टि के बाद तराना, माकडौन, घट्टिया, खाचरौद, उज्जैन के गांव प्रभावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को अपराह्न में प्रकृति का वज्रपात जिले के कुछ गांवों में खड़ी फसलों पर हुआ है। इस वज्रपात से महिदपुर तहसील जिले में सर्वाधिक प्रभावित बताई जा रही है उसके बाद तराना, माकड़ौन, घट्टिया, खाचरौद, उज्जैन तहसीलों के कुछ गांव प्रभावित हुए हैं। इसे लेकर किसानों ने सर्वे की मांग करते हुए राहत राशि देने एवं बीमा राशि की मांग की है। आगामी एक-दो दिन मौसम के हाल बिगड़े रहने की ही जानकारी सामने आ रही है। प्रशासन ने इसे लेकर सर्वे के आदेश दे दिए हैं।

मंगलवार को हुई बारिश एवं ओलावृष्टि संपूर्ण जिले में एक समान नहीं हुई है। तहसीलों में भी खंड स्तर पर ही ऐसा हुआ है। महिदपुर तहसील में ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र बारिश एवं ओलावृष्टि से प्रभावित बताए जा रहे हैं। तराना एवं माकड़ौन में कुछ ही गांवों में बारिश के साथ ओलावृष्टि बताई जा रही है। घट्टिया, खाचरौद एवं उज्जैन के कुछ ही गांवों में बारिश होना बताया जा रहा है। इससे इन गांवों में खड़ी गेहुं,चना, आलू, लहसून, प्याज की फसलें प्रभावित होने की जानकारी किसान दे रहे हैं।

**तहसीलवार ज्ञापन सौंपे-** ओलावृष्टि एवं बारिश से प्रभावित फसलों को लेकर भारतीय किसान संघ ने बुधवार को तहसीलवार ज्ञापन जिले में सौंपे हैं। जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह



आंजना के अनुसार महिदपुर तहसील के अधिक गांव ओलावृष्टि एवं बारिश से प्रभावित सामने आ रहे हैं। उसके बाद तराना,माकडौन के गांवों में नुकसान हुआ है। खाचरौद, घट्टिया, उज्जैन के गांव में भी बारिश के कारण नुकसान होना सामने आया है। बुधवार को महिदपुर, तराना, माकड़ौन में संघ के किसानों ने प्रशासनिक एवं राजस्व के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर सर्वे करवाने एवं राहत राशि देने की मांग की है। इसके अलावा सर्वे के आधार पर बीमा राशि देने का पक्ष रखा गया है।

**जिले में सर्वे प्रारंभ-** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि में आंधी तूफान ओलावृष्टि से कारण फसलों को हुए नुकसान का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कल रात्रि से ही राजस्व विभाग के द्वारा उज्जैन जिले में फसल नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। इसके संबंध में सभी तहसीलदार, आरआई, पटवारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह गांव-गांव में जाकर फसलों को हुए नुकसान का सर्वे प्रारंभ कर दें। जिले में अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों द्वारा सर्वे किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर शर्मा द्वारा ग्राम खाकरी ब्राह्मण, कोठली, झुमकी, बूंदखेड़ी, बड़ोदिया, जाफरपुर नेर, गुनाखेड़ी, पारसी, पाट में ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसानी का आंकलन किया गया। जिले में जनप्रतिनिधि, सभी सम्बंधित एसडीएम, तहसीलदार और पटवारियों द्वारा भी सघन सर्वेक्षण ग्राम-ग्राम पहुंचकर किया जा रहा है।

### नुकसानी की शिकायत टोल फ्री 14447 पर दर्ज करवाएं

उप संचालक कृषि उम्मेदसिंह तोमर के अनुसार जिले में जिन भी किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि एवं ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है,वे होने वाले फसल नुकसान की जानकारी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत इफको टोकियो फसल बीमा कंपनी के टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के अंदर शिकायत दर्ज करवायें । शिकायत दर्ज करते समय कृषक अपने साथ किसान की फसल बीमा पॉलिसी नंबर, किसान का आधार कार्ड, किसान का सर्वे नंबर, किसान का केसीसी खाता नंबर अवश्?य रखें।

### जिले में औसत 4.6 मि.मी. वर्षा

कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख के अनुसार मंगलवार झबुधवार दरमियानी पिछले चौबीस घंटों के दौरान उज्जैन जिले में औसत 4.6 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान जिले की खाचरौद तहसील में 2.0 मि.मी., झारडा में 6.0 मि.मी., तराना में 4.4 मि.मी और महिदपुर में 29 मि.मी. वर्षा हुई है।

### फिर गिरा तापमान

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण बादलों की उपस्थिति बनी हुई थी। इसके चलते ठंड पर लगाम लगी रही और तापमान बढने लगा था। बुधवार को एक बार फिर से बादलों के हल्के छटने की स्थिति रही है इस कारण से तापमान में एक बार फिर से गिरावट दर्ज की गई है। शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार रात का न्यूनतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा बुधवार सुबह 4 डिग्री गिरावट के साथ 12.2 डिग्री एवं दिन का अधिकतम तापमान एक दिन पूर्व की अपेक्षा 4 डिग्री गिरावट के साथ 24 डिग्री दर्ज किया गया है।सुबह के समय आर्दता 88 एवं शाम को 75 फीसदी दर्ज की गई है। बुधवार को सुबह के समय 2 एवं शाम को 8 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं दर्ज की गई है।

### सवर्ण समाज का टावर चौक पर प्रदर्शन

# यूजीसी के ड्राफ्ट रेगुलेशन का विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में बुधवार शाम सवर्ण समाज ने टावर चौक पर यूजीसी के प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन और नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में समाजजन हाथों में तख्तियां लेकर एकत्र हुए और नारेबाजी करते हुए शहीद पार्क तक रैली निकाली, जहां उन्होंने मानव श्रृंखला बनाई।

प्रदर्शन के बाद समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम पवन बारिया और विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. शैलेन्द्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अपनी मांगों से अधिकारियों को अवगत कराया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यूजीसी द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट रेगुलेशन उच्च शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक असंतुलन और भेदभाव को बढ़ावा देंगे। इन नियमों से विशेष रूप से सवर्ण वर्ग के छात्रों के शैक्षणिक और व्यावसायिक भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

समाज ने आरोप लगाया कि शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी वर्गों को साथ लेकर चलना होना चाहिए, न कि किसी एक वर्ग के अधिकारों को कमजोर करना। उन्होंने इस नीति को एकतरफा बताया।

**पुजारी बोले- समाज को बेड़ियों में बांधने जैसा-** महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी महेश पुजारी ने कहा कि प्रस्तावित नियम सवर्ण समाज को बेड़ियों में बांधने जैसा है। उन्होंने इसे हिंदू समाज पर अन्याय बताते हुए कहा कि यह कानून सामाजिक संतुलन को बिगाड़ने वाला है।

अर्पित गोयल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वे सामान्य वर्ग से आते हैं और सरकार से इस ह्नकाले कानूनह्न को वापस लेने की मांग करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि सबसे अधिक कर, चंदा और जिम्मेदारियां सामान्य वर्ग निभाता है, इसके बावजूद उसी वर्ग को सबसे ज्यादा प्रभावित किया जा रहा है।

संगठन ने मांग की कि यूजीसी के एकपक्षीय ड्राफ्ट रेगुलेशन को तत्काल रोका जाए। इसके साथ ही, नीति निर्धारण समितियों में सभी सामाजिक वर्गों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और छात्रों, शिक्षकों व शिक्षाविदों से व्यापक संवाद के बाद ही कोई नई नीति लागू की जाए।

# उज्जैन में कुश्ती से राज्य स्तरीय खेलों की शुरूआत

### अनुष्का और गौरव ने जीता स्वर्ण, कात्यायनी और गौतम के नाम रहा रजत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तहत चार खेलों का आयोजन किया जा रहा है। राजमाता सिंधिया खेलो स्टेडियम परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता से इसकी शुरूआत हुई है।

लोटी मैदान में मलखंब प्रतियोगिता चल रही है, जबकि आगामी दिनों में योगासन और रस्साकशी का आयोजन किया जाएगा।

दरअसल, भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम में मंगलवार को खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 का राज्य स्तरीय शुभारंभ हुआ था। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का उद्घाटन कर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई और विभिन्न संभागों से आए खिलाड़ियों को सम्मानित किया था।

मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता ब्लॉक, जिला और संभाग स्तर से चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

आयोजन में 1300 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों के आवास, भोजन और परिवहन की समस्त व्यवस्थाएं शासन द्वारा की गई हैं।

**अनुष्का बौरासी और गौरव ने जीता स्वर्ण-** उज्जैन में हुई कुश्ती प्रतियोगिता के प्रारंभिक परिणाम भी सामने आए हैं। अनुष्का बौरासी और गौरव यादव (जबलपुर) ने स्वर्ण पदक जीता। कात्यायनी देवी (रीवा) और गौतम पटौना (उज्जैन) ने रजत पदक हासिल किया। भूमिका (उज्जैन), फरहान खान (छिंदवाड़ा) और पृथ्वी जोशी (इंदौर) को कांस्य पदक मिला।

जिला खेल अधिकारी ओपी हरोड़ ने बताया कि खेलो एमपी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण, शहरी और आदिवासी अंचलों से खिलाड़ियों को जोड़ना है। इस संस्करण में एक लाख से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। चयनित खिलाड़ी 28 खेलों में राज्य स्तरीय मुकाबलों में भाग ले रहे हैं।

**पारंपरिक और आधुनिक खेलों को बढ़ाना लक्ष्य-** उज्जैन नगर निगम सभापति कलावती यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई खेलो इंडिया पहल से प्रेरणा लेकर प्रदेश स्तर पर खेलो एमपी की शुरूआत की गई है। इसका लक्ष्य कुश्ती सहित अन्य पारंपरिक और आधुनिक खेलों को बढ़ावा देना है।

इससे पहले वर्ष 2023 में खेलो इंडिया का आयोजन हुआ था, जिसमें देश के 27 राज्यों के खिलाड़ी शामिल हुए थे। उसी तर्ज पर खेलो एमपी को भी प्रदेश के युवाओं के लिए एक बड़ा मंच बनाया जा रहा है।

उज्जैन
गुरुवार
29
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

आर्द्रां यः करिणीं यष्टिं सुवर्णां हेममालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आ वह॥

**अर्थ-** अग्ने! जो दुष्टों का निग्रह करनेवाली होने पर भी कोमल स्वभाव की हैं, जो मंगलदायिनी, अवलम्बन प्रदान करनेवाली यष्टिरूपा, सुन्दर वर्णवाली, सुवर्णमालाधारिणी, सूर्यस्वरूपा तथा हिरण्यमयी हैं, उन लक्ष्मीदेवी का मेरे लिये आव्हान करें।

## खबर एक नजर...

### 7 साल की भतीजी से रेप चिल्लाई तो नहर में फेंका चाचा ने ही कर दी हत्या

**इंदौर।** बड़वानी में 7 साल की बच्ची का रेप और हत्या करने के मामले में पुलिस ने उसके सौतेले चाचा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तकनीकी और वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ में वह टूट गया और अपराध कबूल कर लिया। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। दरअसल, सोमवार को राजपुर थाना इलाके के मुंडला गांव की इंदिरा सागर नहर से बच्ची का शव मिला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर रेप और गंभीर चोटों के निशान मिले। रिपोर्ट में पानी में डूबने से मौत की पुष्टि हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी जगदीश डावर ने स्पेशल टीम बनाई थी। बच्ची के परिजन और गवाहों के बयान के आधार पर उसका चाचा शक के घेरे में आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि रविवार रात करीब 8 बजे परिवार के सदस्य सो रहे थे। बच्ची के पिता सिंचाई के लिए खेत पर गए थे। इसी दौरान उसने अपने सौतेले भाई की बेटी को उठाया। आरोपी बच्ची को घर के पीछे नहर के पास ले गया। उसके साथ रेप किया। रोने-चिल्लाने पर आरोपी ने जान से मारने की नीयत से बच्ची को नहर में फेंक दिया था।

### इंदौर बायपास पर वर्मा ट्रेवल्स की बस डिवाइडर से टकराई

**इंदौर।** भोपाल से महाराष्ट्र की ओर जा रही वर्मा ट्रेवल्स की एक बस बुधवार रात इंदौर बायपास पर हादसे का शिकार हो गई। घटना रात करीब 9 से 9.30 बजे के बीच लसूड़िया थाना क्षेत्र में हुई। बताया जा रहा है कि एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई है। हादसे के दौरान एक लोडिंग वाहन भी बस की चपेट में आ गया, जिससे उसका चालक घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है। राहत की बात यह रही कि बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। बस में यात्रियों के साथ बच्चे भी मौजूद थे। सूचना मिलते ही लसूड़िया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। यात्रियों को इमरजेंसी गेट और पीछे का कांच तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। बाद में वर्मा ट्रेवल्स की दूसरी बस से सभी यात्रियों को उनके गंतव्य तक भेजा गया। हादसे के चलते बायपास पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया। दुर्घटना में बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

### टीसीएस की इंजीनियर 4 दिन डिजिटल अरेस्ट, 6 लाख ठगे

**इंदौर।** टीसीएस में कार्यरत इंजीनियर युवती और उसके सास-ससुर को साइबर ठगों ने टेररिस्ट फंडिंग का डर दिखाकर चार दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और 6 लाख रुपए ठग लिए। ठगों ने युवती को करियर बर्बाद करने की धमकी देकर रकम ट्रांसफर कराई। कल्याण संपत, गांधी नगर निवासी युवती ने क्राइम ब्रांच में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार 20 जनवरी को अज्ञात कॉल आया, जिसमें खुद को मुंबई पुलिस अधिकारी बताकर मुंबई ब्लास्ट से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में नाम आने की बात कही गई। गिरफ्तारी और घर पर टीम भेजने की धमकी दी गई। डर के कारण सास-ससुर को भी मानसिक दबाव में रखा गया। युवती के ससुर ने 1 जान-पहचान वालों से उधार लेकर रकम ट्रांसफर की। भतीजे विजय के दोस्त विशाल तिवारी को डिजिटल अरेस्ट का शक हुआ। सूचना पर टीआई अनिल यादव टीम के साथ पहुंचे और ठगी का खुलासा हुआ।

### इंदौर में अजीबो गरीब हो रहा, संभागायुक्त के फैसलों से सिस्टम पर लग रहा प्रश्नचिह्न

# राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर में हुई पंगत पर पंगु बने अधिकारी

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर में अजीबो गरीब हो रहा है। सरकारी सिस्टम जिला प्रशासन कार्यवाही करता है और संभाग प्रशासन स्थगन देता है। यह हाल सरकारी जमीनों में और यही नहीं भूमाफि या को भी सुन कलेक्टर की कार्यवाही रोकी जा रही है।

यह पहली बार हो रहा है ऐसा क्योंकि अक्सर ऐसे मामलों में जिला प्रशासन के एक्सन को संभागायुक्त कार्यालय सहयोग करता है, जिसमें सरकार को सरकारी जमीन मिल रही हो भूमाफि या को खिलाफ कार्यवाही हो लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। हाल ही में कुछ मामले सामने आए हैं जिसके चलते जिला प्रशासन के उस आदेश पर स्थगन देकर रोक लगा दिया जिसमें सरकार को अरबों रुपए की जमीन मिल रही थी मामला है क्रिश्चियन




कालेज,इंदौर की जमीन का यह पर कलेक्टर की ओर से जमीन को सरकारी घोषित किया गया है जिसके लिए हाईकोर्ट कोर्ट और सर्वोच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन के पक्ष में निर्णय देते हुए सुनवाई नहीं की लेकिन संभागायुक्त कार्यालय ने उसी आदेश पर स्थगन दे दिया। इसी तरह एक भूमाफि या जिसने वर्षों से सैकड़ों लोगों को डायरी पर प्लाट दिए हैं लेकिन प्लाट नहीं है। उसके खिलाफ कार्रवाई के बाद वह संभागायुक्त कार्यालय गया तो वहां से एक आदेश दिया गया की फिर से सुने।

**क्या है नियम :** दरअसल, नियम है कि अगर सरकार स्तर पर निचले स्तर पर कोई आदेश होता है तो उसके उपर सुनवाई का अधिकार आम व्यक्ति के लिए है, लेकिन यह उस तरह के मामले होते हैं जिसमें आम किसी के साथ गलत हो रहा हो तो स्थगन आदेश दे दिया जाता है। बड़े मामलों में आपसी समन्वय होता है वंही किसी मामले को फिर से सुनने के मामले में एमपीएलआरसी में 2016-17 में संशोधन हुआ है जिसमें कहा गया है कि ऊपरी स्तर पर यदि सुनवाई कर रहे हैं तो सुनें लेकिन यंहा कई मामलों में ऐसा नहीं हुआ है।

### इंदौर की घटनाओं पर चुप्पी

- राजवाड़ा और गोपाल मंदिर जो कि धरोहर घोषित है। गोपाल मंदिर में हुए भोजन के कार्यक्रम को लेकर आज दिनांक तक कोई कार्यवाही नहीं की है।
- इस मामले में संभागायुक्त सुदाम खाड़े को एफआईआर दर्ज कर सम्बन्धित व्यक्ति पर कार्यवाही भी करना थी, परन्तु कई महीने बीत जाने के बाद भी आयोजन करने वालो पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई।
- आयोजन कर्ता ने नवनिर्माण को हानि पहुंचाने के साथ अंदर कोयले की भट्टियों का भी उपयोग किया था। इस मामले में केवल प्रशासनिक स्तर पर ही कार्यवाही हुई थी।

### सरकार की किरकिरी

मिली जानकारी के अनुसार क्रिश्चियन कालेज की जमीन के मामले में सरकार के निर्देश के बाद ही काम हुआ था क्योंकि बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है ऐसे में सरकारी संस्था ही अगर जिला प्रशासन की कार्यवाही पर स्थगन देगा तो सरकार की किरकिरी होगी ही।

### राजधानी में भी हलचल

जिला प्रशासन के फैसले पर स्थगन दिए जाने के बाद से सूत्रों का कहना है कि संघ संगठन और सरकार के प्रमुख लोग काफी गुस्सा में है क्योंकि इससे सरकार बैकफुट पर आती है।

### आरटीई में दाखिल 42 बच्चों के सामने पढ़ाई का संकट

# स्कूल बंद हुआ तो निःशुल्क पढ़ाई बंद होने की नौबत

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

'मेरा बच्चा मास्टर माइंड स्कूल के केजी सेकंड में पढ़ता है। आरटीई के तहत एडमिशन हुआ था, फीस नहीं लग रही थी। अब यह स्कूल बंद हो रहा है। संचालक दूसरा स्कूल शुरू कर रहे हैं। आरटीई के तहत एडमिशन नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कह दिया, हमारे स्कूल में पढ़ाना हो तो फीस लगेगी। ऐसे में मेरे बच्चे के सामने पढ़ाई का संकट खड़ा हो गया है। फीस 40 से 50 हजार है। मैं छोटाझ मोटा काम करता हूं। इतनी फीस कैसे जमा कराऊं।'

यह पीड़ा बिचौली मदार्ना में रहने वाले जितेंद्र चौहान की है, जिनके बच्चे जयश चौहान का पिछले साल आरटीई



| माता-पिता को प्रिंट कॉपी दी गई | | | |
|---|---|---|---|
| Student Name | Parents Name | Class | Signature |
| Aarav Chouhan | Gabbar Singh Chouhan | Nursery | |
| Avyansh | Lakhan | Nursery | |
| Bhavya Tanwar | Mahendra Tanwar | Nursery | |
| Devansh Pawar | Narendra Pawar | Nursery | |
| Dishant Parmar | Rahul Parmar | Nursery | |
| Divyansh Billore | Sachin Billore | Nursery | |
| Himanshi Pachaya | Vikas Pachaya | Nursery | |
| Kirtika Gangoliya | Bharat | Nursery | |
| Kunj Badgurjar | Rahul Badgurjar | Nursery | |
| Lakshita Solanki | Shubham Solanki | Nursery | |
| Maanvik Raipuriya | Vikas Raipuriya | Nursery | |
| Medhasvi Solanki | Sandeep Solanki | Nursery | |
| Morvi Devda | Rahul Devda | Nursery | |

(राइट टू एजुकेशन) के तहत मास्टर माइंड स्कूल में एडमिशन हुआ था। जितेंद्र खुश थे, क्योंकि निजी स्कूल की फीस का खर्च अब उनके ऊपर बोझ नहीं रहेगा। आरटीई में 25 फीसदी प्रवेश का खर्चा सरकार उठाती है, लेकिन जितेंद्र चौहान की मुश्किलें अब बढ़ने जा रही है। जिस स्कूल में उनके बेटे का एडमिशन हुआ था, वह बंद होने जा रहा है। ऐसे में जितेंद्र चौहान के बेटे सहित 42 बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें आरटीई के तहत अब लाभ नहीं मिलेगा। अब कभी स्कूल जाते हैं तो उन्हें फीस देना पड़ेगी। जितेंद्र बताते हैं कि मास्टर माइंड स्कूल में 42 बच्चे हैं, जिन्हें अगले सत्र से आरटीई के तहत प्रवेश देने का नोटिस दिया है। कारण बताया कि स्कूल अभी तक मप्र बोर्ड से मान्यता प्राप्त था। अब उसे सीबीएसई किया जा रहा है और अन्य जगह स्कूल का संचालन किया जाएगा। आरटीई के तहत बच्चों को फीस में राहत नहीं मिल पाएगी। इस समस्या से परेशान ऐसे ही 25 से अधिक अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे और अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवेदन सौंपा। अधिकारियों का भी मानना है कि स्कूल संचालक को ऐसा निर्णय लेने से पहले सभी अभिभावकों को बताना चाहिए था और उनके लिए प्रबंध करना चाहिए थे, जो नहीं किए गए। मामले की शिकायत लेकर अभिभावक कलेक्ट्रेट परिसर भी पहुंचे और शिकायत की।

# इंदौर के डांसिंग कॉप रंजीत को मिली सजा

### प्रधान आरक्षक से वापस आरक्षक बनाया महिला ने चेटिंग को लेकर लगाए थे आरोप

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

इंदौर सहित देशभर में डांसिंग कॉप के नाम से जाने वाले चर्चित ट्रैफिक पुलिसकर्मी रंजीत सिंह को महिला द्वारा लगाए गए झूठे आरोपो के मामले में सजा मिली है। पुलिस विभाग द्वारा उन पर कारवाई करते हुए उन्हें कार्यवाहक प्रधान आरक्षक से वापस आरक्षक बना दिया गया है। कार्यवाहक प्रधानारक्षक 146 रंजीत सिंह वर्तमान पदस्थापना रक्षित केंद्र इंदौर को विभागीय कार्रवाई के आधार पर उच्च पद प्रधान आरक्षक का कार्यवाहक प्रभार वापस लेते हुए मूल पद आरक्षक पर वापस किया गया है। इस मामले में पुलिस विभाग में एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के कार्यालय से मीडिया को जानकारी साझा की गई है। रंजीत के ऊपर मुंबई की एक महिला ने आरोप लगाए थे। जिसमें उन पर अश्लील चेटिंग करने और इंदौर आकर मिलने की बात कही थी। इसके बाद रंजीत को ड्यूटी से हटाकर लाइन में सेवा देने भेजा गया था। इसके बाद मुख्यालय डीसीपी को उनकी जांच सौपी गई थी। रंजीत ने डांसिग जवान को लेकर देशभर में अपनी पहचान बनाई है। कई राज्यो में वह ट्रैफिक संभालने भी गए हैं। वहीं फेसबुक और इंस्ट्राग्राम पर भी उनके लाखों फॉलोअर हैं। उन्हें लेकर हाईकोर्ट जज भी सराहनीय टिप्पणी कर चुके हैं।

# इंदौर में 13 व्यापारियों पर 21 लाख से ज्यादा का जुर्माना

**ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर**

खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ इंदौर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान प्रशासन ने बुधवार को 13 मिलावटखोरों पर 21 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है।

अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णायक अधिकारी नवजीवन विजय पवार ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत यह कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों से लाल मिर्च पाउडर, काला नमक, सौंफ, पनीर, घी, पेड़ा मिठाई, हींग चना और



मिल्क पाउडर सहित कई खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए थे। जांच रिपोर्ट में नमूनों को अमानक, मिलावटी, मिथ्या छाप सामग्री युक्त और अस्वच्छ परिस्थितियों में तैयार पाया गया।

**इन 13 प्रतिष्ठानों पर लगा जुर्माना-** प्रशासन द्वारा जिन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई, उनमें रिया स्वीट्स एंड लघु उद्योग पर 3 लाख रुपये, मोहनलाल प्रह्लाद दास एंड संस और गुडलक ट्रेड लिंक पर 1-1.50 लाख रुपए, सनी इंटरप्राइजेस और अरिहंत मिल्क प्रोडक्ट्स पर 2-2.50 लाख रुपए सहित कुल 13 प्रतिष्ठान शामिल हैं। सभी पर मिलाकर 21 लाख रुपए से अधिक का अर्थदंड लगाया गया है।

**कलेक्टर बोले- जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं-** कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि इंदौर में फूड लैब खुलने के बाद कार्रवाई में तेजी आई है। यहां प्रारंभिक रिपोर्ट जल्दी मिल जाती है इस वजह से कार्रवाई भी उसी स्पीड से कर रहे हैं। बीते दिनों नकली घी के मामले में एक माह से भी कम समय में रिपोर्ट आने पर घी फैक्ट्री संचालक पर केस दर्ज किया गया है।

**इंदौर में 10 से ज्यादा कार्रवाई कर पकड़े मिलावटखोर-** पालदा स्थित फर्म श्रीराम मिल्क फूड एंड डेरी इंडस्ट्रीज में पैक हो रहे अलग-अलग ब्रांड के घी के 10 नमूने जांच के लिए भेजे। यहां से 3400 लीटर घी जब्त किया। अनियमितताएं पाए जाने पर घी की बिक्री पर रोक लगा दी।

## खबर एक नजर...

### नेशनल गेम्स के लिए योगेश बंदेवार मध्य प्रदेश टीम के कोच नियुक्त

**उज्जैन।** 30 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक होने वाले नेशनल गेम्स में उज्जैन महानंदा विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के कोच योगेश बंदेवार को अंडर-19 बैडमिंटन टीम का कोच नियुक्त किया गया है।

कोच बंदेवार के नेतृत्व में दिल्ली में टीम श्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी। इसी विश्वास के साथ सर्वसम्मति से उन्हें राष्ट्रीय कोच का पदभार सौंपा गया है। कोच योगेश की इस उपलब्धि के लिए विधायक अनिल जैन कालूहेडा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, ओपी हरोड़ डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ऑफिसर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटवा, सेक्रेटरी जितेंद्र मुकाती सहित सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया तथा शुभकामनाएं दी।

### उज्जैन को मिली नई सौगात, मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा फाजलपुरा में रोशन सुपर स्नेश्यालिटी डेंटल एवं ईएनटी क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। माइनर ओटी का शुभारंभ पूर्व सभापति देवास नगर निगम अंसार हाथीवाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्लिनिक संचालक डॉ. इकराम शेख, नगर निगम अध्यक्ष कलावत यादव का स्वागत किया गया। इस मौके पर कलेक्टर रोशनसिंह, सहित नगर के कई डॉक्टर मौजूद रहे।

### शोभायात्रा के साथ आज से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

उज्जैन। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर ठिकाना कुम्हारिया पिपलोन में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव का शुभारंभ आज शोभायात्रा के साथ होगा। अशोकसिंह गेहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय संत गोपाल कृष्ण महाराज श्री वृंदावन धाम आश्रम शक्करखेड़ी, उज्जैन द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 से 3 बजे तक कथा का रसपान भक्तों को कराया जाएगा। समस्त ग्रामवासी ठिकाना कुम्हारिया पिपलोन द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा 28 जनवरी से प्रारंभ होकर 3 फरवरी तक चलेगी।

### 2026कलश से हुआ भगवान महावीर का अभिषेक

# विश्व में तिरंगा अभिषेक भगवान महावीर स्वामी का तपोभूमि उज्जैन पर होता है, देशभर से पहुंचे श्रद्धालु





### दूध दही औषधि केसर चुण इच्छू रस आदि अनेक औषधीय से हुआ अभिषेक

### अष्ट द्रव्य से भगवान का पूजन कर देश और धर्म का ध्वज बंधन किया गया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

तपोभूमि प्रणेता आचार्य श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज का कहना है कि जो देश सुरक्षित है वहां पर धर्म भी सुरक्षित होता हैं इसीलिए हमें पहले देश की सुरक्षा के लिए कार्य करना चाहिए तो धर्म स्वत ही सुरक्षित हो जाएगा इन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा अभिषेक आयोजित होता है जो देश में सिर्फ और सिर्फ तपोभूमि पर ही आयोजित किया जाता है यह बहु अप्रत्याशित देशभक्ति से ओतप्रोत भगवान महावीर स्वामी का तिरंगा अभिषेक पर देश भर से आए गुरु भक्त झूम उठते हैं समाज सचिव एवं मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि सर्वप्रथम अशोक जैन चायवाला द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारो एवं रमेश जैन द्वारा धर्म ध्वजारोहण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ देवेन्द्र सिंहाई द्वारा दीप प्रज्यवलन,मुनि श्री का पादप्रक्षालन दिनेश जैन सुपर फार्मा,शास्त्र भेट अशोक जैन चायवाला,शिखर ध्वजा रूपेश मदनलाल जैन हुम्मड गुजरात किया गया

तत्पश्चात जल से प्रथमअभिषेक वात्सल्य भोज प्रदाता परिवार हितेश मनीष जैन द्वारा किया गया तत्पश्चात मुनि श्री श्रमण सागर जी महाराज के प्रवचन हुए प्रवचन में उन्होंने कहा कि कहीं कोई चमत्कार नहीं होता है चमत्कार आपकी भावनाओं में होता है आपके भाव जितने शुद्ध होंगे उतना ही आप स्वयं में चमत्कार पाएंगे जैन धर्म भाव की शुद्धता को दशार्ता है जिस प्रकार कहा जाता है कि मन चंगा तो कटौती में गंगा वैसे ही भगवान को पाने के लिए भगवान की कृपा पाने के लिए देव शास्त्र गुरु पर श्रद्धा भाव से किया गया कार्य सर्व सिद्धि दिलाता है मुनि श्री ओंकार सागर जी ने कहा कि आप जैसा करोगे वैसा ही फल मिलेगा

प्रवचन के पश्चात मुनि श्री का श्री तपोभूमि से उज्जैन के लिए विहार हुआ उसके बाद पुनः भगवान के अभिषेक प्रारंभ हुई रूपेश चंद्रा जैन जलाभिषेक,राजेन्द पलाश लुहाडिया, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट,मदन रूपेन्द्र हम्मड,महेन्द गंगवाल,धर्मेन्द्र सेठी,चार कलश में अनिल कासलीवाल,बसंत जैन सौरभ कासलीवाल,अभय शाह,पवन जैन,शिखर चंद्र जैन,वीरसेन जैन,सोहनलाल जैन,जयेश जी जैन,सुपर फामा परिवार,अशोक जी जैन चायेबाला,सुपर फार्मा परिवार,सुनील सेठी,संजय बडजात्या द्वारा छात्र समर्पित किया गया अंत में बहु अप्रत्याशित देशभक्ति से ओतप्रोत भगवान महावीर स्वामी का तिरंगा अभिषेक वीनस गिरीश बिलाला द्वारा किया गया जिसमें संपूर्ण समाज प्रखर जैन इंदौर द्वारा दिए जा रहे भक्ति के संगीत में आयोजन में भक्ति की गई

# निर्झरणी महोत्सव में कबीर मालवीय ने दी नर्मदा केन्द्रित लोकगायन की प्रस्तुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नर्मदा जयन्ती के अवसर पर आयोजित निर्झरणी महोत्सव में उज्जैन के कबीर मालवीय द्वारा नर्मदा केन्द्रित लोकगायन की प्रस्तुति दी।



विगत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माँ नर्मदा जयन्ती के अवसर पर ह्लनिर्झरणी महोत्सवह्ल का आयोजन पुलिस ग्राउण्ड, डही (धार) में आयोजित किया गया। महोत्सव में कबीर मालवीय द्वारा ह्लमाँ नर्मदा केन्द्रित लोकगायन की प्रस्तुति दी गई। बांकी-बांकी सूंड से आया हो गजानंद, जय हो नर्मदा मैया, जय-यज मात भवा, शिव की बेटी मात नर्मदा, गहरी नरबदा नो गेहरो पानी, मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जाएंगे राम आएंगे, मेरे भोले का डमरू बाजे डम डम डम जैसे गीत मंच से कबीर मालवीय ने सुनाए। मुख्य गायक कबीर मालवीय के साथ ही सहगायक के रूप में सुंदरलाल मालवीय, यशस्विनी निगम, ढोलक पर सूरज चकरावदिया, वायलीन संजय डोडीयार, नगाड़ी मनोज घुड़ावद तथा पेड पर रामु डावर ने संगत की।

# निरुपाय एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

### शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति एवं जीजिविषा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय में किया आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



हीरा परखने वाले से पीड़ा परखने वाला ज्यादा महत्वपूर्ण होता है.. शिक्षा सफलता का ब्रह्मास्त्र है..। मोती कभी किनारे पर नहीं आते, उन्हें पाने के लिए समुद्र में उतरना ही होता है।

उक्त प्रभावी उद्बोधन शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति एवं जीजिविषा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के गरीब निसहाय, निरुपाय एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के स्वेटर वितरण समारोह में अध्यक्ष की आसंदी से सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सतिंदर कौर सलूजा ने व्यक्त किये। मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक शिव प्रसाद मालवीय ने कहा कि भविष्य को सुनहरा बनाने के लिए आपको अपनी विरासत से जुड़ना होगा। यही विद्यार्थियों की सफलता का आधार बनेगा। विशेष अतिथि माधव सेवा न्यास के न्यासी रितेश सोनी ने कहा कि शिल्प की छैनी से सपनों को साकार करने की ताकत शिक्षक और गुरु में होती है इसलिए गुरु और शिक्षक का सम्मान कर जीवन में प्रगति के शिखर पर परचम लहराऐ। विशिष्ट अतिथि डॉ. सपना बुंदिवाल ने कहा की गीत उसी के गाऐ जाएंगे जो हर चोट पर मुस्कुराते जाएंगे। स्वेटर वितरण समारोह की संयोजक शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति की प्रीति गोयल ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को 100 से भी अधिक स्वेटर वितरण किए गए। सूत्रधार प्रधानाध्यापक शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके थे। सरस्वती वंदना प्रियंका सोलंकी एवं मनीष गुप्ता ने प्रस्तुत की। स्वागत उद्बोधन संजय अस्थाना ने प्रदान किया। इस अवसर पर समिति की सदस्याएं मंगला पंड्या, संध्या गुप्ता, संतोष अविनाश गुप्ता, वीणा के के मित्तल का स्वागत भारती गोमे, सोहन उदानियां, सीमा सिसोदिया ने किया। आभार प्रदर्शन लता शिंदे द्वारा किया गया।

# एन.सी.सी. कैडेट्स ने किया शौर्य और बहादुरी का प्रदर्शन

### माधव विज्ञान महाविद्यालय की सीनियर अंडर ऑफिसर रानी तंवर ने आरडीसी कैंप न्यू दिल्ली में कर्तव्य पथ पर अपना कर्तव्य निभाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन





शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स ने शौर्य और बहादुरी का प्रदर्शन कर गणतंत्र दिवस मनाया। प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने तिरंगा फहराया।

एन.सी.सी. कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल के नेतृत्व में अपनी विविध आकृतियों की प्रस्तुतियां दी। सीनियर अण्डर आफिसर हर्ष सोनी, परेड कमांडर अंडर ऑफिसर रघुवीर और फॉर्मेशन कमांडर सपना कुंभकार के नेतृत्व में शानदार मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. हरीश व्यास ने कहा इस वर्ष 2026 में भारत का 77 वाँ गणतन्त्र दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन 1950 में हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक सम्पूर्ण गणराज्य बना। हम 77वें गणतंत्र पर वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जश्न भी मना रहे हैं। गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर रानी तंवर ने आरडीसी कैंप दिल्ली में कर्तव्य पथ पर अपना कर्तव्य निभाया और कहा कि यह महाविद्यालय परिवार के लिए बडे गौरव की बात है। रानी तंवर ने महाविद्यालय का नाम गोरान्वित किया। आप व महाविद्यालय परिवार ने तंवर को शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन केडेट्स नीलेश व रौशनी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम डॉ. शशि जोशी नेतृत्व में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया दी। कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस अधिकारी डॉ. आयुषी पालीवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. रंजीत राय, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल, एनएसएस अधिकारी डॉ. प्रदीप लाखरे और डॉ. आयुषी पालीवाल मंच पर उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक कर्मचारी एवं एनसीसी केडेट्स सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### चायना डोर में फंसा खलिहान का उल्लू,पैर कटा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बुधवार सुबह विक्रम नगर स्टेशन के पास से आशीष मधुरिया नामक युवक को चायना डोर में उलझा हुआ घायल उल्लू मिला था।युवक क्षेत्र में दुकान एवं सर्विसिंग सेंटर चलाता है। सूचना उसने वन विभाग के रेस्क्यू दल को दी थी। दल ने उल्लू का रेस्क्यू कर उसे पशु चिकित्सक को दिखाया और उपचार करवाया है। अभी उल्लू को घायल होने की स्थिति में वन विभाग रेंज कार्यालय में रखा गया है।

मकर संक्रांति की पतंगबाजी में चायना डोर पर प्रतिबंध था उसके बावजूद चोरी चुपके इसका उपयोग किया गया। शेष बची और वृक्षों में उलझी चायना डोर पक्षियों को हताहत कर रही है। बुधवार को मिला उल्लू चायना डोर में उलझकर बुरी तरह से जख्मी हुआ था। पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया के अनुसार खलिहानी उल्लू के दाहिने पैर एवं पर डोर से जख्मी हुए थे। एंटी सेप्टिक से ड्रेसिंग के साथ ही दर्द निवारक ड्राप दिया गया। घायल उल्लू को वन विभाग रेंज कार्यालय में रखा गया है। अगले एक दो दिन में उसे खुले वातावरण में छोड दिया जाएगा।

### ओलावृष्टि के बाद सर्द हवा, गिरा दिन-रात का तापमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से माह के अंतिम सप्ताह में मौसम पूरी तरह से बदला हुआ है। मंगलवार को बारिश और ओलावृष्टि के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार शाम फिर से सर्द हवा से ठंड बढ़ गई थी।

मौसम विभाग ने इस बार फरवरी के प्रथम सप्ताह तक ठंड का मौसम बना रहने का अनुमान जताया था, जो सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। माह के अंतिम दिनों में पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के बाद 25 जनवरी से मौसम में बदलाव आया गया था। आसमान में बादल छाये हुए थे और सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ गई थी। मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। जिसके बाद मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम तापमान में 3.8 डिग्री की गिरावट आ गई थी। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान भी 4 डिग्री कम हो गया।

### नेशनल शूटिंग में मंदसौर की श्रीवाली ने जीते 7 पदक

**मंदसौर।** शहर के नियुद्ध गुरुकुल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी श्रीवाली श्रीवास्तव ने 68वीं नेशनल राइफल शूटिंग चौंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 7 पदक अपने नाम किए हैं। भोपाल स्थित मध्य प्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी का प्रतिनिधित्व करते हुए श्रीवाली ने राष्ट्रीय पटल पर जिले और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रशिक्षक प्रवीण भण्डारी ने बताया कि ५० मीटर थ्री पोजीशन स्पर्धा में श्रीवाली ने अपना दबदबा कायम रखते हुए ३ टीम गोल्ड और 2 व्यक्तिगत सिल्वर मेडल जीते। वहीं 10 मीटर एयर राइफल में भी सटीक निशाना साधते हुए उन्होंने 2 टीम ब्रोंज मेडल हासिल किए।

# वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, भारत की आत्मा का स्वर

## भारत भारती और सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ विचार कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का महान कार्य किया। उन्होंने देश की सैकड़ों रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की मजबूत नींव रखी, जिसके कारण आज भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित है।

ये विचार भारत भारती और सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में वन्दे मातरम् के एक सौ पचास वर्ष पूर्ण होने और सरदार वल्लभभाई पटेल के शार्घ शताब्दी वर्ष में उनके अखंड भारत के स्वप्न को स्मरण करते हुए सम्राट विक्रमादित्य विवि के शलाका दीर्घा सभागृह में विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत भारती के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय पत्राले ने व्यक्त किये। आनंदमठ, वंदे मातरम तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के ऐतिहासिक योगदान पर आपने कहा कि आनंदमठ से जन्मा राष्ट्रगीत वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का स्वर है। उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वंदे मातरम को सामूहिक रूप से गाया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय चेतना, एकता और देशप्रेम की भावना और अधिक सुदृढ़ हो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के एकीकरण का कार्य अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण था, जिसे सरदार पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प, दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता से सफल बनाया। उन्होंने कहा कि आज का एकीकृत भारत सरदार पटेल की राष्ट्रनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि प्रो. दिवाकर नातू ने कहा कि ऐसे कार्य करो कि दूसरे लोग आपको बड़ा समझने लगें और एक अच्छे इंसान की तरह हमें जीना है क्योंकि एक अच्छा इंसान सबका भला कर सकता है। भारत भारती के राष्ट्रीय संयोजक दत्तात्रय सालुंके ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

स्वागत भाषण संयोजक डॉ. प्रवीणा दवेसर ने दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप आलोकन से हुआ। भारत भारती वंदना सूरज नागर ने प्रस्तुत की। वन्दे मातरम गीत का गायन भाग्यश्री और भारत माता की आरती का गायन अर्चना तिवारी ने किया। अतिथि स्वागत प्रो. हरिमोहन बुधौलिया, डॉ. शैलेन्द्रकुमार शर्मा, डॉ. हरीशकुमार सिंह, अदिति दवे, डॉ. शैलेन्द्र पांडे, डॉ. पाँखुरी वक्त आदि ने किया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. नागेश्वर राव, डॉ. उमेशकुमार सिंह, प्रो. राकेश डांड, प्रो. शैलेन्द्र पाराशर, प्रेमचन्द सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी, डॉ. तपस्या ठाकुर, डॉ. उर्मि शर्मा सहित बड़ी संख्या में सुधिजन उपस्थित रहे। अतिथियों को स्मृति चिन्ह कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज, डॉ. प्रवीणा दवेसर ने भेंट किये। भारत माता की आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन डॉ. पाँखुरी वक्त ने किया और आभार डॉ. विश्वजीत परमार ने व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है : आचार्य शैलेंद्र पाराशर

### हमारी जैसी दृष्टि होती है, वैसी सृष्टि दिखाई देती है

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दत्तक ग्राम सोडंग में आयोजित शिविर के बौद्धिक सत्र में समाजशास्त्री, साहित्यकार एवं चिंतक आचार्य शैलेंद्र पाराशर ने संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत, समर्पण, समाजसेवा, परिश्रम, संवेदनशीलता एवं सतत प्रयास से खुली आँखों के सपने साकार होते हैं।

देश की सबसे बड़ी शक्ति युवा हैं। हमारी जैसी दृष्टि होती है, वैसी सृष्टि दिखाई देती है। राष्ट्रीय सेवा योजना का सूक्ति वाक्य ह्लमैं ह्लनहीं ह्लहमह्ल के भाव को विकसित करना सिखाता है। यही भाव उसे देश प्रेम एवं समाज सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। आप प्रति माह मन में तीस सत्व गुणों को धारण करने का संकल्प लेकर अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व में सात्विक परिवर्तन लाने का प्रयत्न कीजिए। मन को नकारात्मकता, निराशा एवं अवसाद के भावों से नहीं जोड़ने दे, इसके प्रति सचेत रहें। प्रतिदिन मन को सकारात्मकतक भाव एवं विचार से जोड़नें पर होने वाले परिवर्तन स्वयं महसूस करेंगे। मनुष्य का मन संकल्पों को सिद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सदैव मन को सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत रखने की निरंतर साधना करने से व्यक्तित्व एवं कृतित्व में स्वतः असाधारण परिवर्तन होता है। शिविर प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज सारवान ने स्वागत भाषण एवं अतिथि परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. शैलजा साबले, प्रो. राधेश्याम भील प्रो. लाखन सिंह कुशवाह, डॉ. नीता तोमर, प्रो.मोहन मुजाल्दा, डॉ. संदीप लांडे, संजय बघेल, करोड़ीसिंह एवं एन एन एस के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### संत शिरोमणि रविदासजी की 650वीं जयंती पर सामाजिक समरसता मंच करेगा भव्य आयोजन

**उज्जैन।** सामाजिक समरसता मंच द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के पावन अवसर पर समरसता और सामाजिक एकता को समर्पित भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संत रविदास जी महाराज ने अपने जीवन, कृतित्व एवं अमृतवाणी के माध्यम से समाज को कर्म और मानवता के आधार पर मनुष्य की पहचान करने का संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जाति आधारित भेदभाव सामाजिक एकता में सबसे बड़ा अवरोध है। उनकी प्रसिद्ध वाणी जाति-जाति में जाति हैं, ज्यों केतों के पात आज भी समाज को सद्भाव और समरसता की दिशा में मार्गदर्शन करती है।

## गणतंत्र दिवस पर शहर, जिला, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किये ध्वजारोहण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

मुख्य कार्यक्रम शहर कांग्रेस कमेटी उज्जैन द्वारा छत्रीचौक पर आयोजित किया गया। जहां ध्वजारोहण शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के द्वारा किया गया। जीवाजीगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव गांधी प्रतिमा पीपलीनाका पर ध्वजारोहण किया गया जहां संगठन महासचिव अजय राठौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इंदिरा नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। माधवनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहीद पार्क पर ध्वजारोहण रश्मि त्रिवेदी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण सर्वश्री सत्यनारायण पंवार, मनोहर बैरागी, पूर्व विधायक डॉ. बटुकशंकर जोशी, अनंतनारायण मीणा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्टी के पार्षदगण, यूवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव, जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष चैनसिंह चौधरी, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कुलदीप जाट, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष वरूण शर्मा, खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंदू यादव, अजीतसिंह, ओमप्रकाश लोट, ब्लॉक अध्यक्षगण चंद्रभानसिंह चंदेल, अभिषेक लाला, वीरेंद्र गौसर, रहीम लाला, दीपेश जैन आदि उपस्थित थे।

### चार लेबरकोड को सरकार से रद्द करने की अपील

**उज्जैन।** एमपीएमआरए की उज्जैन इकाई के निशिकांत पंड्या और अजय अग्निहोत्री कोलकाता में सम्पन्न एनएफएसआरयू के अखिल भारतीय द्विवार्षिक सम्मेलन में नई कार्यकारिणी के लिए आगामी दो वर्ष के लिए कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

सम्मेलन में मंच से चार लेबरकोड को सरकार से रद्द करने की अपील भी की गई और सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयीज के लिए नए नियम लागू करने के लिए सरकार से माँग की गई है। आशुतोष पाण्डे (सतना) अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। यह जानकारी उज्जैन इकाई के सुमित साहू ने दी है।

## फेमिना मिस इण्डिया निकिता ने सेवाधाम के मानवीय सेवा कार्यो से जुड़ने की अपील की

### अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के 38वें स्थापना दिवस पर सत्यांश मानवतावादी मिशन संकल्प के साथ ध्वजारोहण, यज्ञ एवं आश्रम की 6 बेटियों की सगाई सम्पन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जयिनी वरिष्ठ नागरिक संगठन के 41वें वर्ष एवं अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के 38वें स्थापना दिवस पर संस्थाध्यक्ष डॉ. ऋषि मोहन भटनागर के मुख्य आतिथ्य में प्रातः 11 बजे ध्वजारोहण के साथ 56 वर्षों से सेवा में सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले सुधीर भाई गोयल भाईजी ने माता सत्यवतीदेवी एवं पिता सत्यनारायणजी को समर्पित ह्यह्यसत्यांश मानवतावादी मिशनह्लह्य संकल्प लिया।

इस अवसर पर वैदिक यज्ञ, 6 बेटियों की सगाई, विशेष बच्चों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर आचार्य विश्वमित्र आर्य, परमाणु उर्जा के वैज्ञानिक संजय खेर, इन्दौर, डॉ. सदानन्द रसल, पूणे, ग्राम अम्बोदिया सरपंच श्रीमती पूजा छाड़िया, महेन्द्र छाड़िया, श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी, चिन्मयी सदानंद रसल डी.व्हाय. पाटिल होम्योपेथी मेडिकल कॉलेज, पूणे, इंजीनियर नलवाड़े को-फाउण्डर आत्म वेदा योग इंफोटेक, पूणे, रामकृष्ण सोनी इलेक्ट्रानिक इंजीनियर, इन्दौर उपस्थिति रहे। गणतंत्र दिवस के सांस्कृतिक कार्यक्रम में फेमिना मिस इण्डिया निकिता पोरवाल, अशोक पोरवाल, की उपस्थिति में श्रीरामकृष्ण बालगृह एवं माँ शारदा बालिका गृह के विशेष बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ एडवांस योगा की सराहना की। निकिता पोरवाल ने सेवाधाम के मानवीय सेवा कार्यों से जुड़ने की अपील की। सांस्कृतिक कार्यक्रम पश्चात आचार्य आर्य विद्वान विश्वमित्र आर्य ने विश्व में सामाजिक समरसता, शांति और निरंतर प्रेम के प्रवाह की कामना के साथ वैदिक यज्ञ सम्पन्न कराया पश्चात धर्मपिता सुधीर भाई एवं धर्ममाता कांता भाभी ने अतिथियों की उपस्थिति में आश्रम की बेटियों की सगाई सम्पन्न कराई।

## खबर एक नजर...

### मंदसौर की डॉ. ललिता लोधा राज्यपाल द्वारा सम्मानित

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (राजीव गांधी महाविद्यालय) की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. ललिता लोधा को भोपाल के च्लोकरंगज् उत्सव में महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ. लोधा ने मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग की परियोजना के तहत बांछड़ा समुदाय की च्टॉकिंग डिक्शनरीज् के लिए शब्दों का संचय किया है। विलुप्त होती भाषाओं को बचाने की इस मुहिम में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अगले चरण में वे इस भाषा के व्याकरण पर कार्य करेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे सहित महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त किया है।

### हादसे में युवक की मौत, वाहन चालक पर मामला दर्ज

**मंदसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के हरिपुरा फंटो 8 लार्लन पुलिया के पास वाहन नं. एमपी 14 एमडब्ल्यू 1421 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर अर्जुन पिता शांतिलाल माली निवासी मानपुरा को टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 25 जनवरी की शाम की है। पुलिस ने जांच पर उक्त आरोपी वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### जहरीला पदार्थ गटकने से युवक की मौत

**नीमच।** समरथ पिता गोपाल मेघवाल उम्र 28 वर्ष, निवासी गणेशपुरा कुकडेश्वर ने बीते दिनों जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसका उपचार के दौरान कल रात निधन हो गया। जिला चिकित्सालय में आज सुबह मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में किया है।

### इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस चलेगी एल.एच.बी. रेक से चलेगी

**नीमच।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल से हो कर चलने वाली गाड़ी संख?या 18233/18234 इंदौर - बिलासपुर एक्?सप्रेस को एल.एच.बी. रेक में बदलने का निर्णय लिया गया है। यात्रियों की सुविधा एवं संरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 18233/18234 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस आई.सी.एफ. रेक के स्थान पर एल.एच.बी. रेक से चलेगी।


पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, गाड़ी संख्या 18233 इंदौर - बिलासपुर एक्सप्रेस 31 मार्च, 2026 से तथा गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर - इंदौर एक्सप्रेस, 30 मार्च, 2026 से एल.एच.बी. रेक से चलेगी। इस ट्रेन में एक फर्?ट एसी, एक सेकंड एसी, पांच थर्ड एसी, नौ स्लीपर एवं चार सामान्य श्रेणी के कोच रहेंगे। ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

# नामली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई एक बड़ी नकबजनी की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

नामली थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई एक बड़ी नकबजनी की घटना का पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस ने करीब 300 किलोमीटर तक फिल्मी अंदाज में पीछा करने के बाद मेरठ (उत्तर प्रदेश) के दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के गहने, वारदात में उपयोग कार और औजार बरामद किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि 27 जनवरी को नामली निवासी फरियादी सुरेश धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जब वे सुबह अपने खेत गए थे, तब अज्ञात बदमाशों ने उनके सूने घर का ताला तोड़कर गोदरेज की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।



पुलिस ने तत्काल धारा 303(2), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**300 किलोमीटर तक चली लुका-छिपी**

एसपी अमित कुमार के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो एक संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस ने पीछा शुरू किया तो आरोपी चकमा देने के लिए बडनगर, उज्जैन और आसपास के रास्तों पर बार-बार रूट बदलते रहे। लगभग 300 किमी के लंबे पीछा करने के बाद, पुलिस ने 8-लाइन रोड पर बारा पथर के पास घेराबंदी कर कार को रोका और दो आरोपियों को दबोच लिया।

### पहचान छिपाने के लिए पहनते थे विग

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बेहद शातिर हैं। गिरोह का मुख्य सदस्य इरफान सिर से मुंडा (गंजा) है, इसलिए वह वारदात के समय विग (नकली बाल) लगाता था ताकि पुलिस उसे पहचान न सके। आरोपी वारदात के तुरंत बाद कार में ही कपड़े और चश्मे बदल लेते थे ताकि हुलिया पूरी तरह बदल जाए।

# अवैध होर्डिंग हटाने व व्यवस्थित पार्किंग की मांग को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

नगर में प्रस्तावित आदर्श मार्ग के मध्य स्थित महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के बाहर लगे होर्डिंग सहित शहर के विभिन्न हिस्सों में लगे अवैध होर्डिंग को हटाकर एकरूप, सुंदर एवं सुव्यवस्थित आदर्श मार्ग तथा समुचित पार्किंग व्यवस्था विकसित करने की मांग को लेकर आज कांग्रेस पार्टी द्वारा नगर पालिका परिषद को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम शहर ब्लॉक कांग्रेस मंदसौर की अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत एवं नगर पालिका परिषद मंदसौर में नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। गांधी चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एकत्रित होकर कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए नगर पालिका परिषद पहुंचे और नपा अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि नगर में लगे सभी अवैध होर्डिंग तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं। साथ ही नगर पालिका परिषद



द्वारा सड़क किनारे से हटाए गए हाथ ठेला व दुकानों के कारण बेरोजगार हुए लोगों को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा शहर में व्यवस्थित पार्किंग स्थलों का निर्माण किया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव राजेश सिंह रघुवंशी पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टटेजा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो.हनीफ शेख,शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत, नपा मे नेताप्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, अजय लोढ़ा, राजनारायण लाड़, कमलेश सोनी,बलवंत सिंह चौहान, सुनील बसेर,वहीद जैदी,हाजी रशीद खान, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, साबिर इलेक्ट्रीशियन, कमलेश जैन, रूपल संचेती,राखी सत्रावाला, लक्ष्मी रैकवार, निर्विकार रातडिया आदि उपस्थित रहे।



### गणतंत्र दिवस पर देश के महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ़

26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता तुलसीराम पाटीदार ने संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी, देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व,राजीवगांधी जी,सरदार वल्लभभाई पटेल जी, ज्योतिबाफुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदान को याद किया,साथ ही संविधान की रक्षा भी शपथ ली। इस मौके पर मंडलम अध्यक्ष द्वय दिनेश गुप्ता काचरिया,किशोर उणियारा,अनिल मुलासिया, भेरूपप्पू गुर्जर,देवेंद्र कराडा,नरेश सैनी, हेमराज प्रजापति,मंडी के प्रतिष्ठित व्यापारी समरथ रत्नावत,राजू शर्मा आदि मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आज मल्हारगढ़ से 7.10 लाख किसानों को अंतरण करेंगे भावांतर राशि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

आज 29 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंदसौर जिले के मल्हारगढ़ आ रहे है। जहां से प्रदेश के 7.10 लाख किसानों को कुल 1,492 करोड़ रुपए भावांतर राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। मंदसौर जिले के 27,500 किसानों द्वारा अपनी कुल 47,283.03 टन उपज का विक्रय किया गया है, जिसके एवज में जिले को लगभग 43 करोड़ रुपए की भावांतर राशि प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री 51.91 करोड़ रुपए की लागत से मंदसौर-नीमच स्टेट हाईवे पर स्थित मल्हारगढ़ 4 लेन फ्लाईओवर का भूमिपूजन, 5.53 करोड़ रुपए की लागत से पिपलिया मंडी समपार रेलवे अंडर ब्रिज का भूमिपूजन एवं 2.06 करोड़ रुपए की लागत से मल्हारगढ़ रेलवे स्टेशन रोड पर पुल निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। इन विकास कार्यों से क्षेत्र में यातायात सुविधा सुदृढ़ होगी तथा आमजन को आवागमन में राहत मिलेगी।

वहीं दूसरी और मुख्यमंत्री का मंदसौर और सीतामऊ में आयोजित कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होना था लेकिन मुख्यमंत्री का जो कार्यक्रम जारी हुआ उसमें वह मल्हारगढ़ से सीधे भोपाल निकल जायेंगे।

### सुर संगम ग्रुप का देश भक्ति गीत संध्या संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

सोमवार 26 जनवरी 77 वे गणतंत्र दिवसर के अवसर शहर सहित जिले भर में देश भक्ति गीतों , वह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। शहर की संगीत के लिए समर्पित संगीत प्रेमी कलाकारों की संस्था सुर संगम म्यूजिकल ग्रुप द्वारा स्थानीय मेट्रो हायर सेकेंडरी स्कूल, अंबेडकर मार्ग ,नीमच पर भी गणतंत्र दिवस अवसर पर देश भक्ति गीतों के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप संयोजक श्री महेश शर्मा ,सहसंयोजक डॉ जीवन कौशिक द्वारा नियोजित देश भक्ति गीतों की संध्या मे संस्था के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक वीर शहीद सपूतों की याद ओज पूर्ण ,जोश भरे गीतों का प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसमें सर्व प्रथम मां सरस्वती देवी को पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात प्रथम गीत ग्रुप के अनिल जैन ने- ए मेरे प्यारे वतन ए मेरे .. जोशीला गीत प्रस्तु किया। इसके पश्चात जीवन कौशिक ने जहां डाल- डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा,,, ने समा बांध दिया।

# सेवा और संगठन से ही समाज का निर्माण संभव-अंजना सिंघल

### डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने संभाला कार्यभार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

सेवा, समर्पण और अनुशासन ही किसी भी सशक्त संगठन की पहचान होते हैं। लीनेस जैसी संस्थाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मजबूत आधारशिला हैं। ऑल इंडिया में चार मल्टीपल के तहत लीनेस संगठन मानव सेवा के क्षेत्र में बीते पांच सालों से लगातार काम कर रहा हैं।

यह विचार लीनेस मल्टीपल डिस्ट्रिक्ट 2 सरगम की मल्टीपल प्रेसिडेंट तथा शपथ अधिकारी अंजना जैन ने लीनेस डिस्ट्रिक्ट एमपी-1 कृष्णिका के 5 वें संस्थापन समारोह एवं प्रथम केबीनेट बैठक के दौरान कहीं। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला शक्ति जब संगठित होकर सेवा के क्षेत्र में उतरती है, तो उसका प्रभाव समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचता है। लीनेस संगठन द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य प्रेरणादायी हैं। उन्होंने संगठन को निरंतर प्रगति एवं सफलता की शुभकामनाएँ दीं।

समारोह में मल्टपील प्रशासनिक सचिव पूजा जैन, मल्टीपल फांउडर साधना भण्डारी, डिस्ट्रिक्ट चीफ एडवाईजर सुनीता फरक्या, पास्ट डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट प्रभा जैन, निवृतमान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंडी मंचासीन रही। ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स के अंतर्गत लीनेस डिस्ट्रिक्ट एमपी -1 कृष्णिका का संस्थापन समारोह मंशापूर्ण रोड स्थित होटल पर आयोजित हुआ। जिसमें शपथ अधिकारी तथा मल्टीपल प्रेसिडेंट अंजना सिंघल ने डिस्ट्रिक्ट के समस्त क्लबों के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्षों के साथ-साथ सभी माइक्रो कैबिनेट मेंबर्स, डायरेक्टर्स, माइक्रो चेयरपर्सन एवं डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन को शपथ दिलाई। इसके अतिरिक्त डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष आभा शर्मा, डिस्ट्रिक्ट सचिव (प्रशासनिक) कविता चौहान, डिस्ट्रिक्ट सचिव (सेवा गतिविधि) को शपथ दिलाई। संस्थापन समारोह के दौरान सभी की शपथ उपरांत डिस्ट्रिक्ट एमपी १ कृष्णिका की सत्र 2026 की नई डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण को शपथ अधिकारी ने विधिवत शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण उपरांत निवृतमान डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंड़ी ने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण को कार्यभार सौंपा।

पदभार उपरांत नवीन डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने सभी के साथ और सहयोग के साथ सत्र 2026 में सेवा के नए आयाम स्थापित करने की बात कहीं। साथ ही उन्होने वर्ष भर की जाने वाली गतिविधियों से सभी को अवगत करवाया।

# लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का भव्य आयोजन

## कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के आदेशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देशन में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस क्रांतिकारी शहीद छीतू किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आलीराजपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेंद्र बघेल द्वारा दीप प्रज्वलन एवं विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर भारत पर्व में आए कलाकारों को पुष्पगुच्छ एवं पिथोरा पेंटिंग प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

संस्कृति विभाग, जनसंपर्क विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकारों द्वारा देशभक्ति एवं लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। इंदौर से आई लोकगायिका सुश्री शोभा चौधरी एवं उनके दल श्री अनिल, श्री केदार, सुश्री अंशुला होलकर, हारमोनियम वादक श्री सुयश राजपूत तथा तबला वादक श्री धवल परिहार द्वारा शिव भजन स्तुति, रंग ना डारो श्याम जी, मोहे लागी लगन गुरु चरणन की, बाजे मुरलियां बाजे सहित विभिन्न ऋतुओं में गाए जाने वाले लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं उज्जैन की लोक नृत्य कलाकार सुश्री सुधा गुप्ता एवं साथी कलाकार मानसी उपाध्याय, खुशी राठौड़, आराध्या सोलंकी, नित्या श्री जूनवाल एवं प्रियांशी पंड्या द्वारा गणेश वंदना, पनघट नृत्य, शंकरीया नृत्य सहित अन्य लोकगीतों पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया गया। आयोजन के अंतर्गत वंदे मातरम् चित्र प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा जनसंपर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी शासकीय योजनाओं के महत्व को जाना।



# हरी सब्जियों की आड़ में ले जाई जा रही अवैध शराब जब्त

अलीराजपुर। चादपुर पुलिस अवैध शराब के विरुद्ध बडी कार्यवाही की गई है। कार्यवाही मे पुलिस ने घेराबंदी कर एक महिंद्रा पिकअप वाहन से बडी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब और बियर जब्त की है, जिसे सब्जियों के नीचे विशेष रूप से निर्मित गुप्त केबिन में छिपाकर ले जाया जा रहा था। घटना का संक्षिप्त विवरणः 28 जनवरी को थाना चाँदपुर पुलिस टीम को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अलीराजपुर की ओर से एक सफेद रंग की महिंद्रा पिकअप अवैध शराब लेकर चाँदपुर की ओर आ रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के द्वारा टीम तैयार कर नाकेबंदी की कार्यवाही की गई। नाकेबंदी की कार्यवाही के दौरान ही एक संदिग्ध वाहन के आने पर उसे रोका गया। चालक ने अपना नाम गमजी पिता चुनिया वास्कले (निवासी ग्राम चौहजी) बताया। प्रारंभिक पूछताछ में चालक ने वाहन में हरी सब्जियां लदी होने की बात कहकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। संदेह होने पर जब वाहन को थाना परिसर में लाकर सूक्ष्मता से जांच की गई, तो सब्जियों के नीचे बॉडी में एक विशेष गुप्त बॉक्स (केबिन) बना हुआ पाया गया।

# विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



उमिया कन्या शिक्षा महाविद्यालय, मंडलेश्वर में बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बी.एड. के प्रायोगिक कार्यों में दक्ष बनाना तथा उन्हें आधुनिक शिक्षण तकनीकों से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. महेश भालसे ने विद्यार्थियों को बी.एड. प्रायोगिक कार्य प्रस्तुतीकरण एवं मूल्यांकन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बी.एड. का प्रायोगिक पक्ष शिक्षण की आत्मा है तथा तकनीक के समावेश से शिक्षण अधिक प्रभावशाली एवं रोचक बनता है। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान कर उन्होंने उनका मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष कमलकिशोर पाटीदार द्वारा महाविद्यालय मेंपैनल स्मार्ट बोर्ड का शुभारंभ किया गया। यह अत्याधुनिक स्मार्ट बोर्ड विद्यार्थियों को समर्पित किया गया। संस्था प्रबंधन ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। शुभारंभ अवसर पर चेयरमैन श्री कमलकिशोर पाटीदार, सचिव श्री बाबूलाल पाटीदार, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष पाटीदार, सहसचिव कैलाश पाटीदार, डॉ. शिवेंद्र शर्मा सहित अन्य ट्रस्टीगण उपस्थित रहे। शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ब्रह्मप्रकाश शर्मा ने कहा कि ढ्रस्नक्क,्ढ पैनल स्मार्ट बोर्ड बी.एड. एवं डी.एल.एड. के प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह स्मार्ट बोर्ड विद्यार्थियों की व्यावहारिक शिक्षण दक्षता, डिजिटल प्रस्तुतीकरण तथा नवाचार आधारित शिक्षण को सशक्त बनाएगा।

# गुणवत्ता और शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने हेतु कार्यशाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर श्रीमती जयती सिंह की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय स्थित शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी के सभा गृह में परीक्षा परिणाम सुधार विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला में जिले की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न शैक्षणिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला के दौरान परीक्षा परिणाम सुधार पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। कलेक्टर ने कहा कि शिक्षक एक महत्वपूर्ण पद है, जिसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं विषय शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने हेतु सतत निगरानी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, विद्यार्थियों की नियमित एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए प्रभावी रणनीति अपनाई जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर से विषय शिक्षकों द्वारा वार्षिक परीक्षा के लिए तैयार इकाईवार महत्वपूर्ण प्रश्न उत्तर सहित तैयार बुकलेट जो पूर्व में सभी स्कूलों को वितरित कर दी गई है के अतिरिक्त अन्य स्टडी मैटेरियल से तैयारी करवाई जाए। परीक्षा पूर्व विशेष महत्वपूर्ण प्रश्न एवं उत्तरों का बार-बार रिवीजन करवाया जाए। बोर्ड परीक्षा से पहले बचे हुए दिनों में विशेष अभियान चलाकर तैयारी करवाई जाए। परीक्षा के दौरान मानसिक और शारीरिक रूप से प्रसन्न एवं स्वस्थ रहने हेतु स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया। वस्तुनिष्ठ एवं अति लघु उत्तरीय प्रश्न उत्तर शत-प्रतिशत हल किये जाने की तैयारी हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।



# गणतंत्र दिवस पर टांडा थाना प्रभारी संजय रावत सम्मानित

टांडा(धार)। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में धार विधायक नीना वर्मा,कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस उप महानिरीक्षक, धार पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने टांडा थाना प्रभारी निरीक्षक संजय रावत को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। रावत को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों,थाना क्षेत्र के 100 कुख्यात बदमाशों की गिरफ्तारी व 5करोड़ से अधिक की राशि बरामद में प्रशंसनीय कार्य को लेकर जिला मुख्यालय पर आयोजित गणतंत्र दिवस के दिन आयोजित कार्यक्रम में दिया गया। गौरतलब है थाना प्रभारी रावत ने आसपास के क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कस रखी है। उनके यह सम्मान प्राप्त होने पर पुलिस थाना टांडा गौरवान्वित हुआ है। वही टांडा थाना स्टॉप सहित पत्रकार संघ,पारिवारिक सदस्य व मित्रो ने उन्हें बधाई प्रेषित की।

## आधुनिक वेशभूषा से धर्म की हानि, सभी को सनातन संस्कृति का पालन करना चाहिये

**खंडवा।** शहर के रामनगर में चल रही शिवमहापुराण कथा प्रारंभ के पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वृंदावन से पधारे पं. श्री बनवारी भाई उपमन्यूजी महाराज ने सुंदर शिव परिवार से शिक्षा के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि विषम विचार वालों के साथ भी परिवार में सामंजस्य बनाकर रहना चाहिए। साथ ही आज कल माताओं बहनों व भाइयों की वेशभूषा के बारे में बताया कि हमारे पूर्वजों में माताओं ने कभी अंग प्रदर्शन नहीं किया।

# टांडा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, 2 ट्रक से 2775 पेटी बियर पकड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ टांडा(धार)



टांडा पुलिस ने बुधवार सुबह शराब के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 2 ट्रको को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली शराब से भरे हुए 2 ट्रक अवैध रूप से परिवहन करते हुए राजगढ़ टांडा मार्ग से अलीराजपुर की और जा रहे है। सुचना पर थाना प्रभारी संजय रावत व टीम द्वारा दोनों ट्रक को तारा घाटी पर रुकवाया एवं पूछताछ की इस दौरान एक ट्रक का डायवर मौके से भाग निकला। ट्रक के पास शराब परिवहन को लेकर कोई वैध कागज नहीं होने से दोनों ट्रक को थाने पर खड़ा करवाया गया। पुलिस के द्वारा स्थानीय मजदूरों की मदद से दोनों ट्रको को खुलवाया गया जिसमे माउन्ट कम्पनी की बियर भरी हुई थी। थाना टांडा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक मे 1390 पेटी तथा पेटी बियर भरी हुई थी। प्रथम दृष्टि मे उक्त शराब देवगुड़िया वेरहाउस से ट्रक मे भरना बताया जा रहा है। बियर की कीमत 80 एवं दोनों ट्रको को मिलाकर जप्त मशुका मूल्य 1 करोड़ 20 से बताई जा रही है। वही पुलिस के द्वारा मौके से चालक मांगीलाल पिता भुवान चौहान जातीभिलाला हालमुकाम इंदोरामा इन्दौर को पकड़ा है वही अजय चौहान अलीराजपुर भाग निकला।

# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की वीसी के माध्यम से समीक्षा

आलीराजपुर,। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा नीति आयोग, नई दिल्ली द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई। इस अवसर पर किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग उप संचालक श्री कुणाल कपूर ने योजना अंतर्गत जिलों द्वारा तैयार किए गए एक्शन प्लान पर विस्तृत चर्चा की तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, कृषि विभाग उप संचालक श्री सज्जन सिंह चौहान, आत्मा परियोजना से श्री दादू मोरे, उद्यानिकी विभाग से श्री कैलाश चौहान सहित कृषि से संबंधित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में योजना के लक्ष्यों की पूर्ति, किसानों को अधिक लाभ पहुंचाने तथा विभागीय समन्वय के माध्यम से कृषि विकास को गति देने पर विशेष जोर दिया गया।

# डिस्पोजल प्रोडक्टस मेकिंग उद्योगों संबंधित प्रशिक्षण 2 फरवरी से 10 मार्च तक जिले में आयोजित किया जाएगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला समन्वयक सेडमैप औद्योगिक क्षेत्र मक्सि रोड ने जानकारी दी कि सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में उद्यमिता विकास केन्द्र मध्यप्रदेश (सेजमैप) द्वारा आयोजित एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन के सक्रिय सहयोग से डिस्पोजल प्रोडक्टस मेकिंग उद्योगों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम 2 फरवरी से 10 मार्च (छः सप्ताह) तक उज्जैन में आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (रूस्रूश्व) के नव उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने के लिये पर्सनालिटी डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्कील्स की जानकारी देना प्रोजेक्ट का चयन करने में सहायता करने के साथ-साथ वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन की ऋण योजना की जानकारी देना एवं उद्यम स्थापित करने के लिए शासकीय प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत निर्धारित अवधि में एक से दो सप्ताह का सोफ्ट स्कील एवं दो से चार सप्ताह का प्रोडक्ट पर प्रेक्टिकल किया जायेगा।

# निमाड़ ताइक्वांडो क्लब के तीन खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए नर्मदा पुरम पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

हमारे जिले में हर विधा में प्रतिभाओं की कमी नहीं है इन प्रतिभाओं को को यदि मंच एवं अच्छे प्रशिक्षक मिल जाते हैं तो यह प्रतिभाएं अपने पुनर के माध्यम से खंडवा का नाम देश-विदेश में रोशन करती हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खेल के मामले में लगातार हमारा जिला आगे बढ़ रहा है। निमाड़ ताइक्वांडो क्लब के लिए गर्व का अवसर है कि क्लब के तीन होनहार खिलाड़ी श्रद्धा अग्रवाल, आदर्श बिसारे और ऋषि भोरगे खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत आयोजित ताइक्वांडो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं। खिलाड़ियों के चयन पर क्लब में हर्ष का माहौल है। क्लब के संरक्षक मोहन काशिव, शुभम जैन, संचालक मुगीस खान, सुनील जैन, सचिव भगवान दास सुंगत सहित राजेंद्र राजपूत, और शिवांश कुशवाहा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# विधायक मंजू दादू ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया

नेपानगर। विधायक मंजू दादू ने पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेपानगर में ९वीं से १२वी तक के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई वस्तुओं को खरीदा।



## भारती सिंह ने दूसरे बेटे का नामकरण किया

कॉमेडियन भारती सिंह और उनके राइटर-एंकर पति हर्ष लिम्बाचिया हाल ही में दूसरी बार पेरेंट्स बने हैं। कपल ने बुधवार को अपने दूसरे बेटे के लिए नामकरण सेरेमनी का आयोजन किया। इस खास मौके की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने अपने लाडले का नाम भी रिवील किया। भारती और हर्ष ने इंस्टाग्राम पर नामकरण सेरेमनी की तस्वीरें करते हुए कैप्शन में यशवीर लिखा। नाम के साथ उन्होंने हार्ट इमोजी लगाया है। हालांकि कपल ने बेटे का चेहरा नहीं दिखाया। सेरेमनी के लिए हर्ष अपने दोनों बेटों लक्ष्य और यशवीर के साथ लैवेंडर और वाइट कुर्ता-पजामा में ट्विनिंग करते नजर आए। वहीं भारती रेड ट्रेडिशनल पंजाबी सलवार सूट में बेहद खूबसूरत दिखीं। एक तस्वीर में बड़े बेटे लक्ष्य अपने छोटे भाई यशवीर को गोद में लिए पोज दे रहे हैं। अब इन तस्वीरों पर फैंस और इंडस्ट्री सेलेब्स जमकर प्यार लुटा रहे हैं। रुबीना दिलैक ने कमेंट किया- अति सुंदर। वहीं, मलाइका अरोड़ा, सुनील शेट्टी, ईशा सिंह समेत कई सेलेब्स ने हार्ट इमोजी शेयर किए। एक फैन ने लिखा, यशवीर टचवुड, किसी की नजर न लगे, तो वहीं दूसरे ने लिखा- लक्ष्य और यशवीर, कितने प्यारे नाम हैं। बता दें कि भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया की मुलाकात एक कॉमेडी शो के सेट पर हुई थी, जहां भारती परफॉर्मर थीं और हर्ष राइटर। दोस्ती से शुरू हुआ ये रिश्ता साल 2017 में शादी तक पहुंचा। कपल ने 2022 में अपने पहले बेटे लक्ष्य का स्वागत किया था, जबकि 2025 में उनके घर दूसरे बेटे यशवीर का जन्म हुआ।

### सारा अली खान के करियर पर ओरी ने कसा तंज

# यूजर्स ने बताया घटिया इंसान

एक्ट्रेस सारा अली खान और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी ओरहान अवात्रामणि उर्फ ओरी लंबे समय से दोस्त थे, लेकिन हाल ही में उनके बीच अनबन की खबरें सामने आईं। अब ओरी ने एक बार फिर सारा को लेकर ऐसा तंज कसा है। हालांकि, ओरी की ये हरकत सोशल मीडिया यूजर्स को पसंद नहीं आई और उन्होंने इसे पैथेटिक करार दिया है।

दरअसल, 25 जनवरी को ओरी ने एक रील शेयर की, जो कंटेंट क्रिएटर अमूल्य रत्तन के वीडियो से इंस्पायर्ड थी। वीडियो में ओरी नीले रंग का टॉप पहने नजर आए, जिस पर ब्रा का प्रिंट बना हुआ था। एक यूजर ने कमेंट किया, जेनुइन सवाल- ये ब्रा आखिर किस चीज को संभाल रही है? इस पर ओरी ने जवाब देते हुए लिखा- सारा अली खान की हिट फिल्में।

सारा को लेकर ओरी का यह जवाब इंटरनेट यूजर्स को बिल्कुल पसंद नहीं आया और उन्हें जमकर ट्रोल किया गया। रेडिट और सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ओरी के इस कमेंट को घटिया और बचकाना बताया। एक यूजर ने लिखा, बहुत ही पैथेटिक। ऐसे इंसान से जुड़ा होना भी आपकी मेंटैलिटी दिखाता है। दूसरे ने कहा, सारा गलत हो सकती हैं, लेकिन ओरी का ये बिहेवियर नेक्स्ट लेवल पैथेटिक है। एक अन्य यूजर ने लिखा, इसे अटेंशन देना बंद करो। ये अब बुली बन चुका है और दबदबा के लिए ऐसा कर रहा है ह्व कई लोगों का मानना है कि ओरी सारा के नाम पर फ्री पब्लिसिटी बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि विवाद तब शुरू हुआ जब ओरी ने एक रील शेयर की, जिसका टाइटल 'लड़कियों के तीन सबसे बुरे नाम' था। इसमें उन्होंने बिना सरनेम लिख सारा, अमृता और पलक नाम गिनाए थे। इसके बाद सारा अली खान और उनके भाई इब्राहिम अली खान ने इंस्टाग्राम पर ओरी को अनफॉलो कर दिया।



हाल ही में एक्ट्रेस ने अनफॉलो किया था



सारा अली खान ने साल 2018 में सुशांत सिंह राजपूत के साथ केदारनाथ से बॉलीवुड डेब्यू किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और वर्ल्डवाइड करीब 96 करोड़ रुपए की कमाई की।



## यूजीसी कानून को मनोज मुंतशिर ने कहा काला कानून

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की अपील, कहा- एक को खुश करने के लिए दूसरे को थप्पड़ मत मारो

देशभर में यूजीसी (यूनिवर्सिटी ग्रांट कमिशन) बिल 2026 के खिलाफ देशभर में विरोध जारी है। अब मनोज मुंतशिर ने भी इसे काला कानून कहा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसे रद्द करने की अपील की है। मनोज मुंतशिर ने ऑफिशियल अकाउंट (पहले ट्विटर) पर एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा, अगर किसी बाग में एक पौधा छोटा रह गया, तो इसका मतलब ये तो नहीं कि प्रोटेक्शन और समानता के नाम पर दूसरे पौधों को ऊपर से काट दिया जाए। अतीत का पन्ना बंद हो चुका है, 21वीं सदी के जिस दौर में हम जी रहे हैं, वो जातियों की विदाई का समय है। आगे मनोज मुंतशिर ने कहा, मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी से 140 करोड़ भारतवासियों की तरफ से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि हम सब के लिए आप पिता समान हैं। एक बच्चे को खुद करने के लिए दूसरे को बेवजह थप्पड़ मत मारिया। आपकी ममता और स्नेह पर हम सबका बराबर अधिकार है।

### प्यार में धोखा खा चुकी हैं उर्फी जावेद, बोलीं- जिंदा आदमी से शादी चाहती हूं

# डबल डेटिंग से टूटा दिल, यह बर्दाश्त नहीं

अपने बेबाक अंदाज और बेधड़क बयानों के लिए पहचानी जाने वाली उर्फी जावेद एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार वजह है उनका स्प्लिट्सविला 6 में धमाकेदार कमबैक, जहां वह निया शर्मा के साथ मिलकर ह्यमिसचीफ मेकरह्ण की भूमिका निभाती नजर आएंगी। शो में जहां प्यार और पैसों के बीच जंग देखने को मिलेगी, वहीं उर्फी और निया कंटेस्टेंट्स के लिए नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगी। बातचीत में उर्फी जावेद ने निया के साथ अपनी बॉन्डिंग और पर्सनल लाइफ पर भी खुलकर बात की है।



**स्प्लिट्सविला 6 में आपकी वापसी हो रही है। इस बार दर्शक आपको किस रोल में देखने वाले हैं?**

मैं और निया शर्मा इस सीजन में मिसचीफ मेकर्स हैं। हमारा रोल किसी के फेवर में फैसला लेने का नहीं है, बल्कि गेम को और ज्यादा दिलचस्प बनाना है। जब कंटेस्टेंट्स को लगता है कि उन्होंने पूरा गेम समझ लिया है और अब सब उनके कंट्रोल में है, तभी हमारी एंट्री होती है। हम ऐसे ट्विस्ट लेकर आते हैं जो उनके पूरे प्लान को हिला देते हैं। यानी जब सब कुछ आसान लगने लगता है, तभी हम आकर बताते हैं कि गेम अभी बाकी है।

**निया शर्मा के साथ आपकी पेयरिंग को लेकर काफी चर्चा है। जब पहली बार आपको इस बारे में पता चला, तो आपका क्या रिएक्शन था?**

शुरूआत में जब मुझे बताया गया कि मेरे साथ एक और लड़की होगी, तो मेरे मन में सवाल आया कि शो का डायनैमिक कैसा रहेगा। लेकिन जैसे ही मुझे पता चला कि वो निया शर्मा हैं, सारी शंकाएं खत्म हो गईं। मुझे लगा कि अगर साथ में कोई आ रहा है, तो वो निया जैसी स्ट्रॉन्ग और एक्सपीरियंस्ड पर्सनैलिटी होनी चाहिए। शो से पहले हम एक-दूसरे को जानते थे, लेकिन दोस्ती नहीं थी बस औपचारिक सी हेलो-हाय होती थी। शो के दौरान हमारी बॉन्डिंग काफी अच्छी हो गई और शूट के बाद भी हम अच्छे दोस्त बन गए।

**इस सीजन की थीम ह्यपैसा और प्यारह्ण है। अगर रियल लाइफ में आपको इन दोनों में से एक चुनना हो, तो आप क्या चुनेंगी?**

मैं बिना किसी सोच-विचार के प्यार को चुनूंगी। पैसे जरूरी हैं, लेकिन इस वक्त मेरी जिंदगी में प्यार की अहमियत ज्यादा है, क्योंकि मैं शादी करना चाहती हूं। इसलिए अगर पैसे और प्यार में से किसी एक को चुनना हो, तो मेरा जवाब हमेशा प्यार ही रहेगा। फिलहाल मैं सिंगल हूं और अपने सही पार्टनर का इंतजार कर रही हूं।

**आपके होने वाले पति में कौन-सी क्वालिटी सबसे जरूरी होनी चाहिए?**

सच कहूं तो मेरी डिमांड बहुत सिंपल है वो एक जिंदा इंसान होना चाहिए, बस! यही मेरा ड्रीम मैन है। मुझे परफेक्शन या कोई चेकलिस्ट नहीं चाहिए। अभी मेरे पास काफी समय है अपना हमसफर चुनने के लिए, लेकिन परेशानी ये है कि लड़का ही नहीं मिल रहा।



**अक्सर देखा गया है कि स्प्लिट्सविला में कंटेस्टेंट्स खुद को सिंगल बताते हैं, लेकिन बाद में पता चलता है कि वे पहले से किसी को डेट कर रहे होते हैं। इस पर आपका क्या कहना है?**

मुझे ये बात सुनकर बहुत बुरा लगता है। स्प्लिट्सविला एक डेटिंग शो है और इसमें सिर्फ सिंगल लोगों को ही आना चाहिए। अगर कोई सिर्फ फेम या स्क्रीन टाइम के लिए झूठ बोलकर शो में आता है, तो ये बिल्कुल गलत है। बाहर आपकी कोई गर्लफ्रेंड है और शो में आप किसी और के साथ कनेक्शन बना रहे हो ये पूरी तरह से अनफेयर है। मैं इस तरह की चीजों को बिल्कुल सपोर्ट नहीं करती।

**क्या आप अपने करियर की शुरूआत से पहले स्प्लिट्सविला देखा करती थीं? और आज उसी शो का हिस्सा बनना कैसा लगता है?**

ये सोचकर ही अजीब और अच्छा लगता है कि जिस शो को मैंने बचपन में टीवी पर देखा था, आज उसी शो का हिस्सा हूं। तब कभी नहीं सोचा था कि एक दिन मैं इस प्लेटफॉर्म पर आकर लोगों को एंटरटेन करूंगी। ये एहसास बहुत खास है।

**स्प्लिट्सविला की कंटेस्टेंट निहारिका के साथ आपकी हिस्ट्री को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बातें हो रही हैं। सच क्या है?**

हमारी हिस्ट्री बस इतनी है कि मैं निहारिका तिवारी को पहले से जानती हूं। एक लड़का था जो हम दोनों को ही डबल डेट कर रहा था। वहीं से हमारी जान-पहचान हुई। इसके अलावा हमारे बीच कोई झगड़ा या ड्रामा नहीं है।

# दुबे की भारत के लिए तीसरी सबसे तेज फिफ्टी

## 101 मीटर लंबा सिक्स भी लगाया, रिंकू ने चार कैच पकड़े, भारतीय टीम 18.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विशाखापट्टनम

न्यूजीलैंड ने टी-20 सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को 50 रन से हरा दिया। विशाखापट्टनम में 216 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम 18.4 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस हार के बावजूद भारत के लिए सबसे बड़े पॉजिटिव शिवम दुबे रहे। उन्होंने महज 16 गेंदों में अर्धशतक जड़कर टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से तीसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। पारी की पहली ही गेंद पर उन्होंने 101 मीटर लंबा छक्का लगाया।

फील्डिंग में रिंकू सिंह छाए रहे। उन्होंने मुकाबले में चार शानदार कैच लपककर इतिहास रच दिया और एक पारी में चार कैच पकड़ने वाले भारत के दूसरे आउटफील्डर बन गए।




**दुबे की भारत के लिए तीसरी सबसे तेज फिफ्टी-** शिवम दुबे ने भारत के लिए तीसरी सबसे तेज टी-20 फिफ्टी लगा दी। उन्होंने 15वीं बॉल पर सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले इसी सीरीज में अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाकर दूसरी सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड बनाया था। भारत के लिए टी20। में सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम है, जिन्होंने 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 12 गेंदों में अर्धशतक जड़ा था।

**हेनरी दूसरे बॉलर जिन्होंने सीरीज में दोनों ओपनर्स को पहली बॉल पर आउट किया-** मैट हेनरी टी-20 इंटरनेशनल इतिहास में दूसरे ऐसे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने एक ही सीरीज में दो बार किसी टीम के ओपनर को पारी की पहली गेंद पर आउट किया। इसी सीरीज में हेनरी ने पहले गुवाहाटी में संजू सैमसन को और फिर विशाखापट्टनम में अभिषेक शर्मा को पहली ही गेंद पर पवेलियन भेजा। इससे पहले ऐसा कारनामा 2023 में नॉर्डिक टी20 कप के दौरान अबदुल नासिर बलूच (स्वीडन) ने किया था।

**न्यूजीलैंड का भारत के खिलाफ सेकेंड हाईएस्ट टी-20 टोटल-** न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ टी-20 में अपना दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया। टीम ने 215 रन बनाए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने वेलिंगटन में 219 रन बनाए थे।

**रिंकू एक इनिंग में चार कैच पकड़ने वाले दूसरे भारतीय-** टी-20 में रिंकू सिंह एक ही पारी में चार कैच पकड़ने वाले दूसरे भारतीय आउटफील्डर बन गए। इससे पहले यह कारनामा अजिंक्य रहाणे ने 2014 में एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ किया था।

**बुमराह ने साइफर्ट का कैच छोड़ा -**न्यूजीलैंड की पारी के पहले ओवर की तीसरी बॉल पर ओपनर टिम साइफर्ट को जीवनदान मिला। अर्शदीप सिंह की गेंद पर साइफर्ट ने फ्लिक खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद स्विंग होकर बल्ले का टॉप एज ले गई। शॉर्ट थर्ड मैन पर खड़े जसप्रीत बुमराह पीछे की ओर भागे और गेंद तक पहुंचे भी, लेकिन कैच नहीं कर सके। गेंद उनके हाथ से फिसलकर बाउंड्री की तरफ चली गई।

**हार्दिक के डायरेक्ट हिट से कीवी कप्तान रनआउट-** 16.1 ओवर में जसप्रीत बुमराह की गेंद पर मिचेल सैंटनर ने शॉट खेला और गेंद बाहरी किनारा लेकर शॉर्ट थर्ड मैन की तरफ लुढ़क गई। वहां मौजूद हार्दिक पांड्या ने फुर्ती दिखाते हुए गेंद उठाई और बिना देर किए गेंदबाज की ओर सीधा थ्रो फेंका। सैंटनर ने डाइव लगाई, लेकिन क्रीज तक नहीं पहुंच सके। हार्दिक पंड्या के सटीक डायरेक्ट हिट से कीवी कप्तान रनआउट हो गए।

**अभिषेक पहली बॉल पर आउट, सूर्या का कैच छूटा-** मैच की शुरूआत भारत के लिए खराब रही। मैट हेनरी के ओवर की पहली ही बॉल पर अभिषेक शर्मा आगे बढ़कर बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन बल्ले का बाहरी किनारा लगा और गेंद हवा में बैकवर्ड पॉइंट की ओर चली गई। वहां डीप से तेजी से आगे आते हुए कॉन्वे ने डाइव लगाकर शानदार कैच लपका और अभिषेक शर्मा खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। इसके बाद उसी ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव का कैच छूट गया। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर सूर्यकुमार का शॉट लीडिंग एज लेकर हवा में उछला, मैट हेनरी ने फॉलो-थ्रू में स्लाइड करते हुए कैच लेने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके हाथ से ठीक पहले जमीन पर गिर गई। हालांकि अगले ही ओवर में जैकब डफी ने उन्हें खुद की बॉल पर कैच लेकर पवेलियन भेज दिया। वे 8 रन ही बना सके।

**शिवम दुबे का 101 मीटर लंबा सिक्स -** 8.5 ओवर में सैंटनर की धीमी, फुल लेंथ गेंद पर शिवम दुबे ने बड़ा शॉट खेला। गेंद बिल्कुल उनके हिटिंग जोन में थी, दुबे ने हल्का सा शफल किया और लॉन्ग ऑन के ऊपर 101 मीटर लंबा सिक्स जड़ दिया।

**दुबे रनआउट हुए-** 15वें ओवर की आखिरी बॉल पर शिवम दुबे (65 रन) बनाकर रनआउट हो गए। इसी के साथ भारत का छठा विकेट गिरा। हर्षित ने मैट हेनरी की बॉल पर बॉलर की दिशा में खेला। बॉल हेनरी के हाथ से लगकर स्टंप पर चली गई। यहां दुबे क्रीज से बाहर थे।

# जोकोविच 400 ग्रैंड स्लैम मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी



## ऑस्ट्रेलिया ओपन में फेडरर के 102 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी की, ओसाका हटीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सर्बिया

सर्बिया के दिग्गज टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने शनिवार को ग्रैंड स्लैम में सिंगल्स कैटेगरी का 400वां मैच जीता। वे ऐसा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में बोटिक वान डे जैंड्सखुल्प को 6-3, 6-4, 7-6 (4) से हराया। इसी के साथ जोकोविच ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में 102वीं जीत दर्ज की और रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच इस टूर्नामेंट के 10 टाइटल जीत चुके हैं। जोकि सबसे ज्यादा है। 38 साल के जोकोविच इस बार अपने करियर का 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे हैं, जो उन्हें टेनिस इतिहास का सबसे सफल खिलाड़ी बना देगा। नाओमी ओसाका ने नाम वापस लिया ऑस्ट्रेलियन ओपन की दो बार की चैंपियन नाओमी ओसाका ने तीसरे राउंड से पहले टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। वह शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ खेलने वाली थीं। ओसाका ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी, लेकिन चोट के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इंस्टाग्राम पोस्ट में ओसाका ने लिखा कि पिछले मैच के बाद उनके शरीर को ध्यान देने की जरूरत है, इसलिए उन्हें हटने का फैसला लेना पड़ा। उन्होंने कहा, मैं आगे खेलना चाहती थी और यह रन मेरे लिए बहुत मायने रखता था।

# युवराजसिंह ने 7 साल बाद संन्यास लेने की वजह बताई

## बोले-मैनेजमेंट से न समर्थन मिला, न सम्मान, 2019 वर्ल्ड कप टीम से बाहर रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने जून 2019 में क्रिकेट से संन्यास लेने के पीछे की असली वजह बताई है। टेनिस स्टार सानिया मिर्जा के साथ एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान युवराज ने कहा कि उस समय उन्हें न खेल में खुशी मिल रही थी और न ही टीम मैनेजमेंट व माहौल से वह सम्मान, जिसके वे हकदार थे।

44 साल के युवराज ने कहा, 'मैं अपने खेल का आनंद नहीं ले पा रहा था। जब मजा ही नहीं आ रहा था, तो खुद से सवाल करने लगा कि आखिर क्रिकेट क्यों खेल रहा हूं। सपोर्ट और सम्मान की कमी महसूस हो रही थी।'

युवराज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग दोनों से उस समय संन्यास लिया, जब उन्हें 2019 में वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली। टीम में नंबर-4 स्लॉट को लेकर चर्चा थी और युवराज को अपने अनुभव के आधार पर उम्मीद थी, लेकिन चयन न होने के बाद उन्होंने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संन्यास का ऐलान कर दिया। आईपीएल में उनका आखिरी सीजन मुंबई इंडियंस के साथ था। हालांकि, उस सीजन में उन्हें ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। युवराज ने माना कि जब आप मानसिक रूप से खेल का लुत्फ उठाना बंद कर देते हैं, तो मैदान पर प्रदर्शन करना और भी कठिन हो जाता है।



**आज अपने फैसले से खुश हैं युवराज-** युवराज सिंह ने साफ किया कि संन्यास लेने के बाद उन्हें मानसिक शांति मिली। उन्होंने माना कि क्रिकेट ने उन्हें बहुत कुछ दिया, लेकिन सही समय पर रुकना भी जरूरी होता है। युवराज ने कहा, 'मैं मानसिक और शारीरिक रूप से थक चुका था। यह सोचकर परेशान था कि मैं क्या साबित करने के लिए खेल रहा हूं। जिस दिन मैंने क्रिकेट छोड़ा, उसी दिन मुझे लगा कि मैं फिर से खुद को पा लिया है।'

**एक क्रिकेटर ने पिता से कहा था कि युवराज में प्रतिभा नहीं है-** युवराज ने अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि एक समय ऐसा भी था जब उनकी काबिलियत पर शक किया गया था। उन्होंने बताया,'जब मैं 13-14 साल का था, तब एक सीनियर खिलाड़ी (जो उस समय टीम इंडिया के लिए खेल रहे थे) ने मेरे पिता से शायद औपचारिकता में कुछ कह दिया था। उन्हें लगा होगा कि मुझमें उतनी प्रतिभा नहीं है। मैंने इसे व्यक्तिगत रूप से नहीं लिया, लेकिन मेरे पिता को यह बात बहुत बुरी लगी थी।'

# रणजी ट्रॉफी- शमी को पांच विकेट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

रणजी ट्रॉफी में छठे राउंड के मुकाबले खेले जा रहे हैं। मुकाबले के तीसरे दिन चंडीगढ़ ने पिछली रनर-अप केरल को पारी और 92 रन से हरा दिया। बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 5 विकेट लेकर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया। छत्तीसगढ़ भी दिल्ली को हराने के करीब है।

**ग्रुप-ए:** झारखंड तीसरी जीत के करीब झारखंड तीसरे दिन ही उत्तर प्रदेश को हराने के बेहद करीब पहुंच गई है। पहले पारी में 561 रन बनाने के बाद टीम ने यूपी को 176 रन पर समेट दिया। फिर दूसरी पारी में 69 रन पर उनके 7 विकेट भी गिरा दिए। झारखंड 2 मैच पहले से जीत चुकी है। विदर्भ के खिलाफ जीत के लिए आंध्र प्रदेश को 259 रन का टारगेट मिला। टीम ने 1 विकेट खोकर 93 रन भी बना लिए। केएस भरत 27 और शैख रशीद 50 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। टीम को आखिरी दिन 166 रन चाहिए। दोनों ही टीमें पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पोजिशन पर है, जीतने वाली टीम नंबर-1 पर आ जाएगी।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**

हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय :-** 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतनः-** कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो ।।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**

श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**

कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
आत्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**

सम्पर्क: राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**

मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**

मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुब्रिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन - पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरूम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**

पंडित रामनारायण शर्मा: 9993154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोट | मोच | फैक्चर
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**

सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**

दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
3BHK 2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**

1 BHK ke 2 फ्लैट
मोबाइल: 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**

करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### रक्षा क्षेत्र- सैन्य आधुनिकीकरण पर

## 20% खर्च बढ़ाने की उम्मीद, ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

बजट 2026 भारत की ऑफेंसिव-डिफेंस नीति का आर्थिक खाका होगा और बताएगा कि अभियान अभी जारी है। रक्षा मंत्रालय सैन्य आधुनिकीकरण पर 20 प्रतिशत अधिक आवंटन का रोडमैप तैयार कर रहा है। ऑपरेशन के दौरान सामने आई तकनीकी कमियों को दूर करने के लिए विशेष प्रावधान होंगे।

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के पहले चरण की रणनीतिक सफलता के बाद सरकार इस बार सबसे एक्शन ओरिएंटेड रक्षा बजट पेश करने जा रही है। यह सिर्फ सैन्य आवंटन नहीं, बल्कि भारत की ऑफेंसिव-डिफेंस नीति का आर्थिक घोषणापत्र होगा, जो स्पष्ट करेगा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है और सेनाएं भविष्य की किसी भी स्ट्राइक के लिए तकनीकी रूप से पूरी तरह तैयार हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में, रक्षा मंत्रालय ने इस बार सैन्य आधुनिकीकरण पर 20 फीसदी अधिक आवंटन का रोडमैप तैयार किया है।

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के हालिया संकेतों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेनाओं की कुछ तकनीकी कमियां सामने आई हैं। बजट में इन्हें दूर करने के लिए विशेष प्रावधान होंगे।?सरकार का ध्यान ऐसे जीपीएस-मुक्त ड्रोन निर्माण पर है, जो दुश्मन की जैमिंग के बावजूद सटीक प्रहार कर सकें। इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रौद्योगिकी व ड्रोन-रोधी प्रणालियों के लिए मजबूत स्वदेशी ईको-सिस्टम का निर्माण प्राथमिकता होगी।

### पीएम मोदी ने भारत-ईयू एफटीए को 'साझा समृद्धि का ब्लूप्रिंट' करार दिया

# टैरिफ को हथियार बनाने के दौर में स्थिरता का नया ब्लूप्रिंट

## पीएम बोले- दुनिया में उथल-पुथल

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पीएम मोदी ने भारत-ईयू एफटीए को 'साझा समृद्धि का ब्लूप्रिंट' करार दिया है। इस बीच, उन्होंने टैरिफ और तकनीक को हथियार बनाने के लिए अपरोक्ष रूप से अमेरिका पर निशाना भी साधा। दूसरी ओर, ईयू की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन ने दुनिया में 'व्यापार के हथियार बनने' पर चिंता जताई। जानें वैश्विक उथल-पुथल के बीच इस ऐतिहासिक समझौते के क्या मायने।

भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता संपन्न हो गया है। इस समझौते को पीएम मोदी ने साझा समृद्धि का एक नया खाका और दुनिया में स्थिरता लाने वाला कदम बताया है। इस बीच, पीएम मोदी और यूरोपीय नेताओं ने टैरिफ और तकनीक को हथियार बनाने के लिए अपरोक्ष रूप से अमेरिका पर निशाना भी साधा। ईयू के साथ हुए इस समझौते को भारत को 27 यूरोपीय देशों तक अपना व्यापार फैलाने में मदद मिलेगी।

नई दिल्ली में हुए इस समझौते के दौरान वैश्विक व्यापार में जारी तनाव और दबाव की चर्चा भी प्रमुखता से हुई। यूरोपीय नेताओं ने माना कि आज के दौर में व्यापार को 'हथियार' की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे बचने के लिए भारत और ईयू का साथ आना जरूरी है।

**'उथल-पुथल' के बीच स्थिरता की तलाश-** समझौते के बाद यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने वैश्विक हालात पर चिंता जताई। पीएम मोदी ने कहा, यह केवल एक व्यापार समझौता नहीं है, बल्कि साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे समय में जब वैश्विक व्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है, भारत-ईयू सहयोग दुनिया को स्थिरता प्रदान करेगा।

**व्यापार को 'हथियार' बनाने पर चिंता-** प्रेस वार्ता के दौरान यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयन ने वैश्विक व्यापार में बढ़ रहे तनाव की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा, भारत और यूरोप की साझेदारी उस समय रणनीतिक निर्भरता को कम करेगी, जब वैश्विक व्यापार को तेजी से 'हथियार' बनाया जा रहा है। लेयन ने कहा कि हम एक असुरक्षित दुनिया में अपने लोगों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं और यूरोप भारत के उदय से बेहद खुश है।

**इतिहास का सबसे बड़ा एफटीए-** पीएम मोदी ने बताया कि भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता किया है। वहीं, एंटोनियो कोस्टा ने इसे दो अरब लोगों के बाजार के लिए अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी समझौता करार दिया।

**ईयू के 27 देशों से भरोसेमंद साझेदारी-** इस समझौते के जरिए भारत और ईयू ने दुनिया को यह संदेश दिया है कि वे एक-दूसरे के भरोसेमंद साझेदार हैं। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि इस एफटीए से समुद्री क्षेत्र और साइबर सुरक्षा में आपसी सहयोग बढ़ेगा। ईयू के 27 देशों में ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस, चेक गणराज्य, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन और स्वीडन सभी यूरोपीय संघ के सदस्य हैं। हॉजसन ने कहा, आज दुनिया में जो हो रहा है, वह कोई क्रमिक आर्थिक परिवर्तन नहीं है। यह एक बड़ा बदलाव है। अमेरिका या ट्रंप का नाम लिए बिना उन्होंने कहा, दुनिया की महाशक्तियों ने तय कर लिया है कि नियम-आधारित व्यवस्था अब दुनिया के चलने का तरीका नहीं है। अब दुनिया इस तरह से नहीं चलेगी। इस पृष्ठभूमि में भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का निर्णय- जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी समझौतों की जननी बताया है- मुक्त व्यापार और भरोसेमंद साझेदारी के पक्ष में एक मजबूत संकेत देता है।



### भारत-ईयू एफटीए अतिशक्तिशाली देशों को करारा जवाब

कनाडा ने भारत-ईयू एफटीए की सराहना करते हुए इसे परोक्ष रूप से अमेरिका के लिए करारा जवाब बताया। कनाडा के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री टिम हॉजसन ने अमेरिका का नाम लिए बिना मंगलवार को कहा, यूरोपीय संघ के साथ भारत का मुक्त व्यापार समझौता उन वैश्विक अतिशक्तिशाली देशों को करारा जवाब है जो टैरिफ और आर्थिक एकीकरण को दबाव के हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इंडिया एनर्जी वीक 2026 में हॉजसन ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में क्रमिक परिवर्तन के बजाय एक तीव्र बदलाव आ रहा है, क्योंकि प्रमुख शक्तियां नियम-आधारित, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली से हटकर अधिक व्यापारिक दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही हैं। कनाडा अपने ग्राहक आधार में विविधता लाने और अमेरिका से आपूर्ति पर निर्भरता कम करने के लिए भारत को ऊर्जा निर्यात बढ़ाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने यह भी कहा कि ओटावा कभी अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल उत्पीड़न के लिए नहीं करेगा।

### टैरिफ जंग के बीच

## मोदी सरकार का आक्रामक सुधार एजेंडा

### बजट से विकास को मिलेगी नई रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

टैरिफ संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिहाज से मोदी सरकार के लिए यह बजट कई मायनों में खास होगा। अर्थशास्त्री डॉ. शरद कोहली का कहना है कि यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के तुरंत बाद पेश होने वाले बजट में सरकार को जोर सुधारों पर होगा, ताकि जीडीपी की मौजूदा रफ्तार को बनाए रखने के साथ उसमें और तेजी लाई जा सके। वैश्विक अर्थव्यवस्था में उच्च अमेरिकी टैरिफ से हड़कंप मचा है। भू-राजनीति तेजी से बदल रही है। ऐसे चुनौतीभरे माहौल के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को सुधार आधारित बजट पेश करने जा रही हैं। यह बजट देश की विकास दर को रफ्तार देने वाला होगा। साथ ही, भारत को सुरक्षित निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। बजट-2026 का सीधा संदेश है...आक्रामक सुधार और तेज वृद्धि। रिकॉर्ड नौवीं बार बजट पेश करने जा रहीं वित्त मंत्री निवेश बढ़ाने के लिए इंडिया डेवलपमेंट एंड स्ट्रैटेजिक फंड की घोषणा कर सकती हैं। यह फंड हरित ऊर्जा, एमएसएमई और युवा कौशल विकास की दिशा बदलने वाला होगा।?

दरअसल, मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में सुधारों के अच्छे परिणाम दिखे हैं। महज एक साल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 73 फीसदी की रिकॉर्ड बढ़त देखने को मिली है। इस दौरान 47 अरब डॉलर का निवेश भारत आया। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण विनिर्माण और निर्यात में भी 20 फीसदी की वृद्धि हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने 37 फीसदी की छलांग लगाई और पहली बार 4.15 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। स्मार्टफोन निर्यात भी 30 अरब डॉलर के पार है। बजट इन्हीं सफलताओं को नया आधार देगा।

**8.2% की मजबूत दर से बढ़ी थी जीडीपी दूसरी तिमाही में-** अमेरिका पर निर्यात निर्भरता घटाने पर जोरः भारत अब तक 27 देशों से मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) कर चुका है। इस साल एक दर्जन और देशों से समझौते होने हैं। सरकार की रणनीति साफ है। अमेरिका पर निर्यात निर्भरता कम करनी है और नए बाजार तलाशने हैं। 150 लाख करोड़ का दांव और आसान व्यापारः सरकार 150 लाख करोड़ रुपये की इन्फ्रा पाइपलाइन पर खर्च जारी रखेगी।

### भारत में सोना और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई

# चांदी ने भी इतिहास रचते हुए 3.85 लाख रुपये प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई स्तर छू लिया

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत में सोना और चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। एसीएक्स पर सोना 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर बंद हुआ, जबकि दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना करीब 1.71 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। वहीं चांदी ने भी इतिहास रचते हुए 3.85 लाख रुपये प्रति किलो का ऑल-टाइम हाई स्तर छू लिया है।

अगर आप सोना या चांदी खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह खबर आपको चौंका सकती है। सोने और चांदी की कीमतें लगातार नए रिकॉर्ड बना रही हैं। भारत से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक कीमती धातुओं में ऐसी तेजी देखने को मिल रही है, जैसी पहले कभी नहीं दिखी।

भारत में सोना 1.71 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है, जबकि चांदी 3.85 लाख रुपये प्रति किलो के ऐतिहासिक स्तर पर कारोबार कर रही है। बाजार में चर्चा है कि अगर यही रुझान जारी रहा, तो आने वाले दिनों में कीमतें और बढ़ सकती हैं।



**अंतरराष्ट्रीय बाजार में रिकॉर्ड तेजी-** अंतरराष्ट्रीय बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 5,591.61 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। स्पॉट गोल्ड 2.1% की तेजी के साथ 5,511.79 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। सोना इस सप्ताह अब तक 10% से अधिक चढ़ चुका है और सोमवार को पहली बार 5,000 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार किया था।

चांदी भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। स्पॉट सिल्वर 118.061 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती दिखी, जबकि सत्र के दौरान इसने 119.34 डॉलर प्रति औंस का नया ऑल-टाइम हाई छुआ। भारतीय बाजार में भी ऐतिहासिक उछाल- मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर बुधवार को सोना 1,66,355 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, चांदी 3,86,530 रुपये प्रति किलो के ऑल-टाइम हाई स्तर पर पहुंच गई। सरार्फा बाजार का हाल- दिल्ली के सरार्फा बाजार में चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।

**तेजी के पीछे बड़े कारण**

1. अमेरिकी फेडरल रिजर्व का संकेत
अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों को तटस्थ रखा। फेड चेयर जेरोम पॉवेल ने कहा कि महंगाई अभी भी 2% के लक्ष्य से ऊपर है। इससे बाजार में अनिश्चितता बढ़ी और निवेशकों ने सोने का रुख किया।

**2. अमेरिका-ईरान तनाव-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से परमाणु समझौते पर बातचीत की अपील की और चेतावनी दी कि भविष्य में सैन्य कार्रवाई और कठोर हो सकती है। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका, इस्राइल और उनके सहयोगियों पर जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी। इस तनाव ने सोने की मांग को और मजबूत किया।

**3. क्रिप्टो कंपनियों का सोने में निवेश-** रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिप्टो कंपनी टेदर अपने पोर्टफोलियो का 10-15% हिस्सा भौतिक सोने में निवेश करने की योजना बना रही है। इससे सोने की कीमतों को अतिरिक्त समर्थन मिला।

### ग्लोबल हेल्थ हब बनाने व रिसर्च का मास्टर प्लान

# 1.25 लाख करोड़ का आंकड़ा पार सकता है स्वास्थ्य बजट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए वित्त मंत्री इस बार स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए तिजोरी खोल सकती हैं। इस बार स्वास्थ्य बजट 1.25 लाख करोड़ के जादुई आंकड़े को पार कर सकता है। बजट का एक्स-फैक्टर शोध, नवाचार, ट्रेनिंग और शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर होने जा रहा है। दवा और उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए रिसर्च मद में 5,000 करोड़ रुपये का आवंटन हो सकता है। वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिहाज से यह फंड काफी महत्वपूर्ण होगा।

बजट में मेडिकल शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए हर जिले में विशेष हेल्थ-स्किल हॉस्टल बनाने की बड़ी घोषणा भी संभव है। इसका मकसद ग्रामीण और मध्यवर्गीय युवाओं को पढ़ाई के दौरान आवासीय संकट से उबारना है, ताकि देश को भविष्य के लिए दक्ष स्वास्थ्य कर्मी मिल सकें। एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. एमसी मिश्रा का कहना है कि शोध और हॉस्टल जैसे बुनियादी ढांचे पर निवेश दीर्घकालिक परिणाम देगा। प्रति व्यक्ति प्रतिदिन एक रुपये का हेल्थ सेस लगाकर सरकार ऐसी योजनाओं के लिए भारी फंड जुटा सकती है।

**मेडिकल डिप्लोमेसी से आएगा डॉलर-** दुनिया की बदलती राजनीति ने भारत के लिए मेडिकल टूरिज्म के नए द्वार खोल दिए हैं। ट्रंप प्रशासन की वीजा सख्ती और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के बीच भारत अपनी सॉफ्ट पावर को भुनाने की तैयारी में है। बजट में हील इन इंडिया प्रोग्राम के जरिये 10.5 अरब डॉलर के बाजार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा जा सकता है। भारत का सस्ता-विश्वसनीय इलाज पश्चिमी देशों से डॉलर हासिल करने का सबसे बड़ा जरिया बनेगा।

**गुणवत्ता, कौशल और स्मार्ट लैब पर जोर-** विशेषज्ञों का कहना है, बजट का फोकस गुणवत्ता और कौशल पर होगा। सरकार हर जिले में एक स्मार्ट लैब बनाकर ग्रामीण क्षेत्रों में जांच सुविधाओं को सुलभ बनाने पर जोर देगी। इससे एम्स जैसे अस्पतालों पर दबाव घटेगा।

## 'कजरारे-कजरारे कारे-कारे नैना' गाने पर थिरके गुरुद्वारा साहिब के सेवादार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



श्री गुरुद्वारा शीश गंज साहिब के मुख्य सेवादार अमरजीत सिंह पिंकी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में वो कजरारे-कजरारे तेरे कारे-कारे नैना गाने पर ठुमके लगाते हुए दिख रहे हैं। एक मिनट के इस वीडियो में वो बीच में डांस करते हुए दिख रहे हैं और उनके आसपास उनके परिवार के सदस्य व रिश्तेदार खड़े होकर तालियां बजा रहे हैं।

वीडियो को देखते ही सिख संगत ने नाराजगी जाहिर की। सिख समुदाय के कई लोगों ने उनसे सीधा संपर्क साधना शुरू कर दिया। लोगों का गुस्सा देख उन्होंने भी बिना देरी किए, माफीनामे का एक वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर जारी किया।

वीडियो में दिल्ली के श्री गुरुद्वारा शीश गंज साहिब के मुख्य सेवादार अमरजीत सिंह पिंकी घर के एक फंक्शन में डांस करते दिख रहे हैं। मेरा चैन-वैन सब उजड़ा, कजरारे-कजरारे गाने पर वो परिवार के लोगों के साथ ठुमके लगाते हैं। परिवार की कई महिलाओं और बुजुर्गों के साथ वो डांस कर रहे हैं। अमरजीत सिंह पिंकी के डांस का यह वीडियो उनके घर में एक लोहड़ी फंक्शन का है। उनके कजन के बेटे की पहली लोहड़ी थी। उसी फंक्शन में परिवार व रिश्तेदारों के साथ उन्होंने डांस किया था और घर के लोगों ने ही वीडियो बनाया था।

अमरजीत सिंह पिंकी ने माफी वाले वीडियो में कहा कि उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। यह मेरा पारिवारिक फंक्शन था। उसमें सारा परिवार व कुछ प्रतिष्ठित सिख सज्जन भी शामिल थे। उनका कहना है कि वो डांस नहीं करना चाहते थे पर घर के लोगों , पोते पोतियों ने डांस करने को कहा।

### शिमला में रोजाना 15 हजार व्हीकल पहुंच रहे

# हिमाचल में बर्फ देखने उमड़े टूरिस्ट:पर्यटन स्थलों पर मस्ती, सड़कों पर ट्रैफिक जाम





### शिमला में रोजाना 12 से 15 हजार टूरिस्ट व्हीकल आ रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचल प्रदेश में बर्फ के फोटो-वीडियो वायरल होते ही देशभर से पर्यटकों का पहाड़ों पर जमावड़ा उमड़ने लगा हैं। शिमला और मनाली पर्यटकों से पूरी तरह पैक है। बर्फबारी थमने के बाद जैसे-जैसे सड़कें बहाल हो रही है, पर्यटक अब शिमला के नालदेहरा, कुफरी, महासू पीक, मनाली के सोलंगनाला और चंबा के डलहौजी तक पहुंचना लगे हैं।

इन जगह पर टूरिस्ट बर्फ में खेलने, डांस, स्नोमैन बनाने, हॉर्स व यॉक राइडिंग, स्केटिंग, स्नो स्कूटर, पैराग्लाइडिंग और रील्स रिकॉर्ड कर अपनी यात्रा को यादगार बना रहे हैं। दिनभर टूरिस्ट बर्फ में मस्ती कर रहे हैं। इस बीकेंड तक सड़क बहाली के बाद नारकंडा और अटल टनल तक टूरिस्ट पहुंच सकेंगे।

पुलिस के अनुसार- अकेले शिमला में रोजाना 12 हजार से 15 हजार टूरिस्ट व्हीकल पहुंच रहे हैं। इससे शिमला शहर के साथ साथ छराबड़ा, कुफरी और फागू के बीच भी ट्रैफिक जाम लग रहा है। एक घंटे के सफर में चार से पांच घंटे लग रहे हैं। इससे टूरिस्ट के साथ साथ लोकल भी परेशान है।

### मनाली भी रेंग-रेंग कर चल रहा ट्रैफिक

मनाली में भी बीते एक सप्ताह से पतलीकूहल, 15 व 16 मील से मनाली तक ट्रैफिक जाम टूरिस्ट लग रहा है। मनाली में ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी वजह आसपास के पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कें बंद होना भी है क्योंकि भारी हिमपात के कारण जीभी वैली, सोलंग नाला, अटल टनल, कोकसर, केलांग इत्यादि पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाली सड़कें बंद थी। मगर अब सड़कों से बर्फ हटाने का काम जारी है। इससे एक-दो दिन में टूरिस्ट इन सभी पर्यटन स्थलों पर पहुंचना शुरू होगा। तब जाकर मनाली में ट्रैफिक जाम से भी निजात मिलेगी।

शिमला और मनाली के होटलों में 70 से 80 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी हो चुकी है। वीकेंड पर इसके शत-प्रतिशत होने की संभावना है। इसलिए, वीकेंड पर शिमला-मनाली आने वाले टूरिस्ट को एडवांस बुकिंग की सलाह दी जाती है। शिमला के होटेलियर अश्वनी सूद ने बताया कि शिमला में चार साल बाद बर्फबारी हुई है। इससे अगले 15-20 दिन अच्छा टूरिस्ट आने की उम्मीद है।

### पहाड़ों पर क्या न करें?

हिमाचल के कई भागों में भारी बर्फबारी हुई है। इससे सड़कों पर सफर जोखिमभरा हो गया है। ऐसे में तेज रफ्तार जानलेवा साबित हो सकती है। ऊंचे पहाड़ों पर जहां ज्यादा बर्फ गिरी है, वहां पर फोर बॉय फोर व्हीकल के साथ ही सफर करना होगा। या फिर गाड़ियों में चैन लगाकर फिसलन से बचा जा सकता है। इसी तरह, स्थानीय प्रशासन और पुलिस की एडवाइजरी का भी पालन करना होगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान का भी ध्यान रखना होगा, क्योंकि एक फरवरी से दोबारा भारी बारिश-बर्फबारी के आसार है।

## उत्तरखंड के 3 जिलों में बारिश की संभावना



उत्तरखंड के 3 जिलों में आज बारिश हो सकती है। इनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाके शामिल है। बाकी सभी जिलों में आज मौसम शुष्क है। दो दिन से हुई बर्फबारी के बाद अब प्रदेशभर में धूप खिली है। सुबह बागेश्वर, ऊधम सिंह नगर और अल्मोड़ा में धुंध दिखी।

मौसम विभाग ने हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तरकाशी और चकराता में हुई भारी बर्फबारी के कारण इफ्ड रोड खोलने में लगा है। राज्य के 6 जिलों में बर्फबारी हुई है। इनमें चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग और देहरादून के ऊंचाई वाले इलाके शामिल है। मौसम विभाग ने अनुसार अब 31 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक राज्य में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। होटल एसोसिएशन के मुताबिक, नैनीताल और मुक्तेश्वर में होटल 80% तक पहुंच गई है। नैनीताल के मॉल रोड और हिमालय दर्शन पॉइंट्स पर भारी ट्रैफिक और भीड़ बनी हुई है। चमोली के औली में लगभग 2 फीट ताजा बर्फ गिरी है, जिससे स्कीइंग के शौकीनों और साहसिक पर्यटकों की संख्या में तेजी से उछाल आया है। बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में भी भारी बर्फबारी हुई है, लेकिन यहां बर्फ (3-4 फीट) और सड़कों के बंद होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही को नियंत्रित और सीमित रखा गया है। उत्तराखंड में आज मौसम का मिजाज जिलावार अलग-अलग नजर आ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जैसे ऊंचाई वाले जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### मध्यप्रदेश के 30 जिलों में बारिश, हिमाचल में ग्लेशियर गिरा

# राजस्थान में कोहरे के कारण ट्रक में घुसी बस,आग लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर और ग्वालियर समेत 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। ग्वालियर में ढाई इंच पानी गिरा। 8 जिलों में ओले पड़े, जिससे गेहूं, चना और सरसों की फसल को नुकसान हुआ।

राजस्थान में मावठ के बाद बीकानेर, जयपुर, श्रीगंगानगर और नागौर में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी 30 मीटर से कम रही। धुंध के कारण बीकानेर में एक लग्जरी बस ट्रक में घुस गई, जिससे बस में आग लग गई। बस में 40 पैसेंजर्स सवार थे, जिन्होंने इमरजेंसी विंडो से कूदकर जान बचाई।

हिमाचल प्रदेश के 9 जिलों में बुधवार को बर्फबारी हुई। वहीं स्पीति में बर्फीला तूफान चला। चंबा के भरमौर में ग्लेशियर गिरने से गाड़ियां, दुकानें और एक तीन मंजिला मकान क्षतिग्रस्त हो गया। राज्य में 3 नेशनल हाईवे समेत 889 से ज्यादा सड़कें बंद हैं।

उत्तराखंड के सभी जिलों में बुधवार को दिनभर रुक-रुककर बारिश हुई। उत्तरकाशी, चमोली और रुद्रप्रयाग में बारिश के साथ बर्फबारी हुई, जबकि केदारनाथ में 4 फीट से ज्यादा बर्फ जम गई। 8 जिलों में 12वीं तक के स्कूल बंद हैं।

जम्मू-कश्मीर में लगातार बर्फबारी से कश्मीर के कई इलाकों में रात का तापमान शून्य से नीचे रहा। गुलमर्ग और सोनमर्ग में पारा माइनस 9.8 डिग्री तक गिरा। बर्फ हटाने के बाद जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पूरी तरह खोल दिया गया।



### मध्य प्रदेश : आधे राज्य में घना कोहरा

मध्य प्रदेश के 60 प्रतिशत इलाके में पिछले 2 दिनों के दौरान ओले, बारिश और आंधी का दौर रहा। अब गुरुवार ९सुबह आधे राज्य में कोहरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी रहेगी। दिन के तापमान में भी गिरावट हो सकती है। दूसरी ओर, रात में कड़ाके की सर्दी से थोड़ी राहत मिलेगी। 31 जनवरी से फिर बारिश का दौर शुरू होगा। इस दौरान ओले भी गिर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के रायपुर और आसपास के जिलों में गुरवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, रायपुर में दिन का तापमान लगभग 31 डिग्री और रात का तापमान 15 डिग्री रहने की उम्मीद है। सरगुजा संभाग और उससे लगे जिलों में अगले 3 दिनों तक न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। इससे सर्दी बढ़ेगी।

### अन्य राज्यों में मौसम का हाल

उत्तर प्रदेश के अयोध्या-लखनऊ समेत 9 शहरों में बुधवार को बारिश हुई है। संभल में क्लास 8 तक और सिद्धार्थनगर में क्लास 12 तक के स्कूल आज बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग ने 29 जिलों में आज ओले और बारिश का अलर्ट जारी किया है। पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा के भिवानी में पारा 5.5 डिग्री तक गिर गया। चंडीगढ़ में सुबह घना कोहरा छाया रहा। राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि के बाद सर्दी फिर से बढ़ गई है। मौसम विभाग ने 10 जिलों में गुरुवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। कई हिस्सों में शीतलहर चलने की भी संभावना है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी श्रीमती मायाबाई पति श्री अंतरसिंह सहमतिदाता अंतरसिंह पिता श्री बालाराम निवासीगण ग्राम मगरिया तहसील व जिला उज्जैन से उनके आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 284/1 रकबा 0-630 हेक्टेयर स्थित ग्राम मंगरिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का लिखित अनुबंध कर लिया है, तथा बयाना राशि का भुगतान भी पूर्व में कर दिया है। अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढ़ी, निगम वित्तिय संस्था आदि का कोई ऋण भार बकाया हो, उक्त वर्णित भूमिम किसी पर किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नही होगी। इति दिनांक 28/01/2026 स्थान उज्जैन

**गणेश राठौर हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**न्यू कोर्ट परिसर कोठी रोड उज्जैन**
**मोबाईल नंबर: 95758 56237**

### एक जंगी बेड़ा पहले ही पहुंच चुका है

# ट्रम्प बोले- दूसरा नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा: नए समझौते पर सहमति का दबाव बनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ शिकंजा और कसने की तैयारी में है। अमेरिका ईरान के आसपास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है।

मंगलवार को दिए एक भाषण में ट्रम्प ने दावा किया कि अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि, इसकी उन्होंने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि ईरान को नए समझौते पर सहमत किया जा सकता है। एक हफ्ते पहले भी ट्रम्प ने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि एक बड़ा अमेरिकी सैन्य बेड़ा ईरान की तरफ बढ़ रहा है। बीबीसी फारसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत ह्यवरर अब्राहम लिंकनह्ल मिडिल ईस्ट में पहुंच चुका है। अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वॉरशिप में से एक माना जाता है।

### अमेरिका ने ईरान के आगे 4 शर्तें रखी

ट्रम्प ने एक्सियोस को दिए एक अलग इंटरव्यू में कहा कि ईरान के साथ स्थिति अभी बदल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरान अब बातचीत के लिए तैयार हो सकता है। ट्रम्प ने कहा, ह्यईरान के पास वेनेजुएला से बड़ा आर्मडा (बेड़ा) है।

उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के अधिकारी कई बार संपर्क कर चुके हैं और वे डील करना चाहते हैं। ट्रम्प का मानना है कि ईरान बात करने के लिए उत्सुक है। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि अमेरिका बातचीत के लिए तैयार है। अगर ईरान संपर्क करता है और शर्तें मानता है तो बात होगी। इस महीने अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने समझौते के लिए शर्तें बताई हैं- ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल (2017-2021) में ईरान के साथ 2015 के परमाणु समझौते संयुक्त व्यापक कार्य योजना ( खउढडअ) से अमेरिका को पूरी तरह बाहर निकाल लिया था।

यह समझौता ओबामा प्रशासन के समय में जुलाई 2015 में हुआ था, जिसमें ईरान, अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, रूस, चीन और यूरोपीय संघ शामिल थे। समझौते के तहत ईरान ने अपनी परमाणु गतिविधियों पर कई सख्त सीमाएं लगाई थीं, जैसेः यूरेनियम संवर्धन को 3.67% तक सीमित रखना (बम बनाने के लिए 90% से ज्यादा चाहिए)। सेंट्रीफ्यूज मशीनों की संख्या सीमित करना। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्अएअ) को निरीक्षण की पूरी अनुमति देना। ईरान पर मैक्सिमम प्रेशर की नीति अपनाते हैं ट्रम्प

इसके बदले में ईरान को अमेरिका और अन्य देशों ने लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों में छूट दी, खासकर तेल निर्यात, बैंकिंग और व्यापार पर। इससे ईरान की अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ था। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार में ही इस समझौते को दुनिया का सबसे खराब समझौता कहा था। उनका कहना था कि यह समझौता ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को सिर्फ टालता है, खत्म नहीं करता। ईरान ने समझौते में बुरे इरादे से हिस्सा लिया और पहले अपना परमाणु हथियार कार्यक्रम छिपाया था। उन्होंने कहा था कि समझौता ईरान के अन्य बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय प्रॉक्सी ग्रुप्स को समर्थन, आतंकवाद और अमेरिकियों की हिरासत पर रोक नहीं लगाता। 8 मई 2018 को ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में जॉइंट कॉन्प्रीहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (खउढडअ) से बाहर निकलने की



घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने उन सभी प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया जो समझौते के तहत हटाए गए थे। इसके बाद ट्रम्प प्रशासन ने ह्यमैक्सिमम प्रेशरह्ल नीति अपनाई, जिसके तहत- ईरान के तेल निर्यात को शून्य करने की कोशिश की गई। ईरान के ऊर्जा, शिपिंग, वित्तीय क्षेत्रों पर सख्त प्रतिबंध लगाए। 1500 से ज्यादा नए प्रतिबंध लगाए गए, जिसमें ईरान के साथ व्यापार करने वाली विदेशी कंपनियों को भी अमेरिकी बाजार से बाहर करने की धमकी दी गई। ट्रम्प का दावा था कि इससे ईरान परमाणु कार्यक्रम छोड़ेगा और क्षेत्र में

# अमेरिका- टेक्सास में नए H-1B वीजा जारी नहीं होंगे

### गवर्नर ने अगले साल मई तक रोक लगाई; 15 हजार भारतीयों पर असर पड़ेगा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के अहम राज्य टेक्सास में नए ल-1इ वीजा जारी करने पर रोक लगा दी गई है। गवर्नर ग्रेग एबट ने अगले साल मई तक H-1B कैटेगरी के वीजा जारी नहीं करने के आदेश दिए हैं। पहले फेज में टेक्सस के सभी सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटी में यह रोक लगेगी। इस आदेश से करीब 15 हजार भारतीयों पर असर पड़ सकता है। टेक्सास वर्कफोर्स कमीशन से सभी H-1B वीजा होल्डर्स की संख्या, जॉब रोल, मूल देश और वीसा एक्सपायरी के बारे में 27 मार्च तक डेटा रिपोर्ट मांगी गई है। नए आदेशों के अनुसार H-1B वीजा पर रोक इसके कथित दुरुपयोग के कारण लगाई गई है।

टेक्सास H-1B वीजा जारी करने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा राज्य है। पहले नंबर पर कैलिफोर्निया आता है। अमेरिका में हर साल भारतीयों को मिलने वाले लगभग दो लाख H-1B वीजा में से लगभग 40 हजार टेक्सास में जारी होते हैं। इनमें से लगभग 25 हजार आईटी कंपनियों और बाकी 15 हजार सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटीज के लिए जारी किए जाते हैं। ऑस्टिन यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में भारतीय कार्यरत हैं।

2.77 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला टेक्सास दुनिया की 8वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। ये कनाडा, इटली, द. कोरिया, रूस और ऑस्ट्रेलिया से भी बड़ी इकोनॉमी है। टेक्सास का ऑस्टिन शहर बड़ा टेक हब है।

### भारत में वीजा इंटरव्यू डेट अब अगले साल की

भारत में H-1B वीजा इंटरव्यू के लिए अमेरिकी दूतावासों से इंटरव्यू डेट अब अगले साल अप्रैल-मई की मिल रही है। जनवरी में स्टैम्पिंग के लिए अप्लाई करने वालों के लिए स्लॉट उपलब्ध नहीं है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद के अमेरिकी दूतावासों में ल-1इ के लिए सोशल मीडिया जांच हो रही है। ल-1इ वीजा होल्डर्स को हर दूसरे साल स्टैम्पिंग के लिए अपने मूल देश आना पड़ता है। स्टैम्पिंग में देरी से बड़ी संख्या में लोग अटक गए हैं। टेक्सास ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का राज्य है।

# अमेरिकी विदेश मंत्री बोले- वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी स्ट्रैटेजिक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को वॉशिंगटन डीसी में सीनेट कमेटी के सामने वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी किसी तरह का एक्ट ऑप वॉर नहीं है बल्कि ये एक स्ट्रैटेजी के तहत की गई कार्रवाई थी।

सीनेट में सुनवाई के दौरान रूबियो ने 3 जनवरी को मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे वाशिंगटन के तर्क को सामने रखा। सुनवाई की शुरूआत में, रूबियो ने अंतरराष्ट्रीय कानून को लेकर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के सवालों को खारिज कर दिया।



# ब्रिटिश प्रधानमंत्री आठ साल बाद चीन पहुंचे: कोरोना काल में चीनी कंपनी हुआवे को निकाला था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर बुधवार को 8 साल बाद तीन दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। इससे पहले 2018 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे चीन पहुंची थी।

पिछले 8 सालों में ग्लोबल राजनीति काफी बदल चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रमक नीतियों और बयानों की वजह से यूरोपीय देश नए पार्टनर तलाश रहे हैं, ऐसे में चीन उन्हें एक मजबूत विकल्प नजर आ रहा है। चीन रवाना होने से पहले स्टार्मर ने मीडिया से कहा था कि ब्रिटेन को अमेरिका और चीन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के साथ रिश्ते बने रहेंगे, लेकिन चीन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के



बीच भरोसा बढ़ेगा और रिश्तों में स्थिरता आएगी। ब्रिटेन भले ही आज चीन को जरूरी देश बता रहा है, लेकिन 2020 में कोरोना के वक्त ही उसने चीनी टेक कंपनी हुआवे को जासूसी के शक में अपने देश से निकाल दिया था।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कॉर्पेट वेलकम दिया गया। चीनी वित्त मंत्री लैन फोआन उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। ब्रटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कॉर्पेट वेलकम दिया गया। चीनी वित्त मंत्री लैन फोआन उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। ब्रिटिश सरकार ने 2010 में चीनी कंपनी हुआवे को देश में मोबाइल नेटवर्क पर काम करने की इजाजत दी। उसी समय हुआवे के ऑफिस में 'द सेल' नाम का एक खास दफ्तर बनाया गया, जिसके जरिए सरकार कंपनी के काम पर नजर रखती थी। इसे कई सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम माना गया।


### प्राइवेट कंपनियां सस्ती तकनीक चाहती

हुआवे के खर्च पर वे उसके हर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की जांच करते थे, ताकि कोई ऐसा कोड न हो जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सके। फिर भी ब्रिटेन की सरकार को इस सिस्टम से पूरी तरह भरोसा नहीं हुआ। करीब 10 साल तक हुआवे को काम करने देने के बाद, सरकार ने साल 2020 में फैसला किया कि उसे ब्रिटेन के 5जी नेटवर्क से बाहर कर दिया जाएगा। उसी साल संसद की एक जांच में कहा गया कि हुआवे और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच मिलीभगत के साफ सबूत हैं। जो 5ऋइक्विपमेंट पहले से लगे हैं, उन्हें हटाना होगा। अब 'द सेल' इस बात की मिसाल बन गया है कि चीन के साथ रिश्तों में ब्रिटेन को कितनी मुश्किलें झेलनी पड़ती हैं। एक तरफ खुफिया एजेंसियों की सुरक्षा से जुड़ी चिंताएं हैं, दूसरी तरफ प्राइवेट कंपनियां सस्ती तकनीक चाहती हैं और सरकार को अर्थव्यवस्था सुधारने की उम्मीद है।

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफ्न किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

**ऊपर से नीचे**

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

**पिछले वर्ग पहेली का हल**



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | 33 | | 71 | | 55 | = | 70 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 28 | | 24 | | 50 | | 42 | = | 12 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | 3 | | 9 | | 4 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 4 | | 73 | | 7 | = | 1 / 89 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जु | मी | दा | कु | मा | र | अ | फ्ल | न | प | दा |
| न | ला | क | प | ई | छे | र्जु | शि | या | ह | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | ब | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | धी | आ | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | म | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | या |
| क | म | ल | ना | थ | जीं | ज | जी | न | द | म |
| न | ट | व | र | सिं | ह | प्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | | 6 | 4 | 7 | |
| | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | |
| 4 | 2 | | 3 | | 1 | 7 |
| | 31 | | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | | 7 | 4 | 3 | | 2 |

# महिला कैप्टन के आखिरी शब्द थे- ओह शिट... ओह शिट....: पायलट ने मेडे कॉल नहीं किया;






महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान ये हादसा हुआ। उनके साथ प्लेन में सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई। अजित पवार का जन्म 22 जुलाई 1959 को अहमदनगर जिले के देवलाली प्रवरा में हुआ था। वो शरद पवार के बड़े भाई अनंतराव पवार के बेटे हैं। अजित के पिता फिल्म जगत से जुड़े हुए थे और मुंबई में मौजूद वी. शांताराम के राजकमल स्टूडियो में काम करते थे।

पवार के दादा, गोविंदराव पवार, बारामती सहकारी व्यापार में काम करते थे और उनकी दादी खेतों की देखभाल करती थीं। अजित के बड़े भाई का नाम श्रीनिवास है। श्रीनिवास कृषि और ऑटो मोबाइल से जुड़े बड़े बिजनेसमैन हैं। कहा जाता है कि अजित अपने महत्वपूर्ण फैसलों में बड़े भाई की सलाह लेते हैं।

## लैंडिंग की पहली कोशिश फेल हुई थी

सुबह कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम थी। पायलटों ने बारामती एयरपोर्ट के रनवे-11 पर लैंडिंग की कोशिश की। हालांकि उन्हें रनवे नहीं दिखा। दोनों पायलट ने प्लेन दोबारा ऊपर ले लिया।

## पायलट ने लैंडिंग क्लीयरेंस को दोहराकर कन्फर्म नहीं किया



दूसरी बार विमान ने फिर से रनवे की ओर आना शुरू किया। पायलट ने बताया कि अब रनवे दिख रहा है। इसके बाद विमान को लैंडिंग की अनुमति दे दी गई, लेकिन अहम बात यह रही कि पायलट ने इस अनुमति की रीडबैक नहीं दी, यानी लैंडिंग क्लीयरेंस को दोहराकर कन्फर्म नहीं किया।

## दूसरी बार रनवे छूने से पहले ही प्लेन पलटा

करीब 8:43 बजे विमान का संपर्क टूट गया। विमान ने अपनी लोकेशन और स्पीड बताने वाले सिग्नल भेजना बंद कर दिया। जमीन छूने से पहले ही प्लेन पलटकर और रनवे से 100 मीटर पहले ही जमीन से टकरा गया।

## जमीन पर गिरते ही प्लेन में 4-5 बार धमाके हुए

आई विटनेस के मुताबिक, रनवे पर टकराने के बाद प्लेन में धमाका हुआ और भीषण आग लग गई। इसके बाद 4-5 और धमाके हुए। एयरपोर्ट से आग और धुएं का गुबार देख स्थानीय लोग क्रैश साइट की तरफ दौड़े। ग्रामीणों ने प्लेन में सवार लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी भयानक थी कि मदद नहीं कर सके।

## प्रत्यक्षदर्शी बोले- पहले ही लग रहा था हादसा होगा

बारामती एयरपोर्ट के पास गांव के कई लोगों ने हादसे से पहले प्लेन को देखा। एक आई विटनेस ने बताया- प्लेन रनवे के पास पहुंचने से लगभग 100 मीटर पहले ही क्रैश हो गया। जब प्लेन नीचे उतर रहा था, तभी लग रहा था कि हादसा होगा और ऐसा ही हुआ।



**महाराष्ट्र के डिप्टी उप अजित पवार का प्लेन क्रैश में निधन हो गया। बारामती में हुए हादसे में उनके साथ मौजूद पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर एचसी विदिप जाधव, पायलट कैप्टन सुमित कपूर, कैप्टन सांभवी पाठक और फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली की भी जान चली गई। क्रैश से पहले प्लेन के मेन पायलट सुमित कपूर ने मेडे कॉल नहीं किया था, लेकिन उनके साथ मौजूद कैप्टन सांभवी पाठक के आखिरी शब्द थे- ओह शिट...ओह शिट।**

## 'पापा अजित पवार के साथ फ्लाइट है, आपसे बात कराऊंगी': केबिन क्रू पिंकी का पिता को आखिरी कॉल;

पापा, आज अजित पवार के साथ फ्लाइट है आपसे बात कराऊंगी।ह्व यूपी की पिंकी माली ने मंगलवार को अपने पिता शिव कुमार से यह कहा था। पिता को नहीं पता था कि बेटी की यह बात उनसे आखिरी बातचीत होगी। अगले ही दिन बुधवार को महाराष्ट्र के डिप्टी मुख्यमंत्री अजित पवार के साथ हुए प्लेन क्रैश में पिंकी की भी मौत हो गई।

पिंकी माली उस चार्टर्ड विमान में केबिन क्रू थीं, जो बारामती में लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में विमान में सवार सभी 5




लोगों की जान चली गई। पिंकी के पिता शिव कुमार ने बताया, मैंने बेटी से एक दिन पहले आखिरी बार बात की थी। वह उस वक्त बहुत खुश थी। मुझे क्या पता था कि यही हमारी आखिरी बातचीत होगी। पिंकी माली मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जौनपुर की रहने वाली थीं। उनके पिता शिव कुमार माली मुंबई में टैक्सी चलाते हैं और शिवसेना से भी जुड़े हुए हैं। बेटी की मौत की खबर के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। जौनपुर में पिंकी का घर जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर, केराकत तहसील के भैंसा गांव में है। पिंकी के भाई करन ने बताया कि सुबह फोन पर पिंकी ने कहा था कि वह बारामती से नांदेड़ जा रही है।





■ वर्ष-12 अंक-87 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 29 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

य: शुचि: प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम्।
सूक्तं पञ्चदशर्चं च श्रीकाम: सततं जपेत्॥

**भावार्थ** : जिसे लक्ष्मी की कामना हो, वह प्रतिदिन पवित्र और संयमशील होकर अग्नि में घृत की आहुतियाँ देवें तथा इन पंद्रह ऋचाओं वाले श्री सूक्त का निरन्तर पाठ करे।

तां म आ वह जातवेदो लक्ष्मीमनपगामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहम्॥

**भावार्थ** : अग्ने ! कभी नष्ट न होनेवाली उन लक्ष्मीदेवी का मेरे लिये आव्हान करें, जिनके आगमन से बहुत-सा धन, गौएँ, दासियाँ, अश्व और पुत्रादि को हम प्राप्त करें।

## इन्दौर सेव भण्डार का खाद्य अनुज्ञापत्र निलंबित

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

जबलपुरस्य खाद्यविभागेन लार्डगञ्जस्य मछराहाई रोड् इत्यत्र स्थितस्य इन्दौर सेव भण्डारस्य खाद्यपरिज्ञापत्रं शनिवासरे निलम्बितम् यतः प्रतिष्ठाने गम्भीराः अस्वच्छताः अभवन्। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेन्द्र दुबे ने जबलपुर के विशेष नगर दण्डाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणे परिसरे अनेकानि गम्भीराणि अनियमितानि ज्ञातानि। भग्नं तलं बहुषु स्थानेषु दुर्गन्धजलेन पूरितम्। सेव-निर्माणक्षेत्रस्य भित्तिः सम्पूर्णतया कृष्णा कृता, अवधिः समाप्ताः अन्नसंयोजकाः अपि उपयुज्यन्ते स्म। निरीक्षणप्रतिवेदनस्य तथा स्थले एव विडियो इत्यस्य आधारेण निष्कर्षः कृतः यत् प्रतिष्ठानं खाद्यसुरक्षामानककानूनस्य अनुसूची ४ मध्ये वर्णितस्वच्छताप्रावधानानाम् उल्लङ्घनं करोति।

## सम्पादकीयम्

### बङ्गदेशे असन्तुष्टिः

दुर्भाग्येन येषु राज्येषु द्वितीयचरणस्य मसौदासूचिकाः मुक्ताः सन्ति तेषु अपि विवादाः अनिवृत्ताः एव सन्ति। बङ्गदेशे असन्तुष्टिः विशेषतया अधिका अस्ति। राज्यस्य मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी इदानीं एसआईआर इत्यस्मिन् प्रयुक्तस्य सॉफ्टवेयरस्य विषये प्रश्नं कृतवती अस्ति। तस्याः दलं टीएमसी अपि सूचीतः येषां मतदातानां नामानि लुप्ताः सन्ति तेषां मानचित्रणकार्य्ये दोषाणां आरोपं कुर्वन् अस्ति। जनानां साहाय्यं करणम्। निर्वाचनआयोगेन विलोपनस्य कारणानां विवरणं दत्तं दत्तांशं प्रकाशितम् अस्ति। एतत् स्पष्टीकरणं साधु वस्तु अस्ति, परन्तु येषां नामानि लुप्ताः सन्ति तेषां मतदानस्य अधिकारस्य प्रयोगाय यथाशक्ति साहाय्यं करणीयम्। राजनैतिकदलानां दायित्वमपि भवति यत् ते सार्वजनिकस्य दावान् आक्षेपान् च दातुं साहाय्यं कुर्वन्ति, नामपरीक्षां च कुर्वन्ति। बिहार-एसआईआर-सम्बद्धेषु विषयेषु सुनवायीकाले सर्वोच्चन्यायालयेन राजनैतिकदलानां निष्क्रियतायाः विषये आश्चर्यं प्रकटितं, स्थानीयदलकार्यकर्तृणां जनसामान्यस्य च मध्ये एतादृशः विच्छेदः किमर्थम् इति पृष्टम्। साझा उत्तरदायित्व। प्रायः २१ वर्षपूर्वं घटितस्य रक्तइत्यस्य स्मृतयः अधुना धुन्धलाः सन्ति यतोहि तदा तावत् कोलाहलः नासीत्। सम्भवतः परिवर्तितानां राजनैतिकपरिस्थितेः कारणेन एतत् अस्ति। इदानीं निर्वाचनआयोगस्य दायित्वं वर्तते यत् एषः कोलाहलः निर्वाचनसमारोहान् न आच्छादयति तथा च व्यवस्थायां जनस्य विश्वासः न्यूनीभवति।

पटना-मरीन्-ड्राइव्-इत्यत्र द्विचक्रिकायाः परितः

## नृत्यं कृत्वा सामाजिक-माध्यमेषु उष्ण-विमर्शः उत्पद्यते, पुलिस अन्वेषण प्रारम्भ



ब्रह्मास्त्र ›› पटना

बिहारस्य राजधानी पटनातः एकः वायरल् भिडियो सोशल मीडियायां प्रचण्डविमर्शं प्रारभत। पटना-मरीन्-ड्राइव्-एक्स्प्रेस्-वे इति सामान्यतया प्रसिद्धे लोकनायक-गङ्गा-मार्गे द्विचक्रिकायाः परितः नृत्यं कुर्वन्तः युवकानाम् एकः भिडियो द्रुतगत्या वायरल् भवति केचन सार्वजनिकस्थानस्य दुरुपयोगेन प्रमादयाश्च सह अस्य भिडियोस्य सम्बद्धतां कुर्वन्ति, केचन केवलं मनोरञ्जनं आत्मव्यञ्जनं च इति वदन्ति। वर्धमानस्य जनआक्रोशस्य अनन्तरं पटनापुलिसः संज्ञानं गृहीत्वा अन्वेषणं आरब्धवान्।

वायरल्-वीडियो-मध्ये प्रायः १५ युवकाः युवकाः च अलङ्कृतस्य मोटरसाइकिलस्य परितः एकस्मिन् स्वरेण नृत्यन्तः दृश्यन्ते। द्विचक्रिका रङ्गिणः ज्वलन्तप्रकाशैः अलङ्कृता अस्ति तथा च पृष्ठभूमितः बालिवुड् गीतं वाद्यते। द्वे युवकौ, एकः लघुबालकः च अस्मिन् भिडियोमध्ये नृत्यं कुर्वन्तौ दृश्यते, यत् विशेषतया अनेकेषां सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तृभिः लक्षितम् अस्ति। अयं दृश्यः लोकनायकगङ्गामार्गस्य एकस्य खण्डस्य इति कथ्यते यत्र पार्किङ्गं दृश्यं च अस्ति।

तस्य भिडियो प्रकाशितस्य अनन्तरं सामाजिकमाध्यममञ्चेषु विशेषतः ट्विट्टू इत्यत्र प्रबलप्रतिक्रियाः उत्पन्नाः। अनेके उपयोक्तारः तस्य आलोचनां कृतवन्तः, सार्वजनिकमार्गस्य, महत् आधारभूतसंरचनायाः च दुरुपयोगः इति उक्तवन्तः। केचन व्यङ्ग्यपूर्वकं बेरोजगारी, दुर्बलनागरिकबुद्धिः च इति सम्बद्धवन्तः, अन्ये तु कोटिरूप्यकाणां व्ययेन निर्मितः द्रुतमार्गः रीलशूटिंग् जोन् इति परिणतः इति अपि अवदन् समीक्षकाः वदन्ति यत् एतादृशाः कार्याणि न केवलं अनुशासनहीनतां प्रवर्धयन्ति अपितु मार्गसुरक्षायाः खतरान् अपि जनयन्ति।

परन्तु तस्मिन् भिडियायां समर्थनं प्रकटयन्तः जनाः अपि बहुसंख्याकाः प्राप्ताः। समर्थकाः अवदन् यत् नृत्यं पार्किङ्गक्षेत्रे वा दृश्यक्षेत्रे वा कृतम्, न तु मार्गस्य मध्ये, अतः यातायातस्य बाधा न अभवत्। भिडियायां पृष्ठतः गच्छन्तः वाहनाः अपि मुख्ययानमार्गे कोऽपि बाधकः न अभवत् इति सूचयन्ति। बहवः उपयोक्तारः युवानां नृत्यस्य प्रशंसाम् अकरोत्, एतत् सकारात्मकं सृजनात्मकं च क्रियाकलापम् इति उक्तवन्तः। समर्थकाः अपि तर्कयन्ति स्म यत् अद्यत्वे देशे सर्वत्र युवानां मध्ये सोशल मीडिया रील्स् इत्यस्य निमार्णं सामान्यं प्रथा अस्ति, केवलं बिहारीयुवानां लक्ष्यीकरणं पूर्वाग्रहं प्रतिबिम्बयति। केचन विशेषतया भिडियोमध्ये लघुबालकस्य आत्मविश्वासस्य ऊजार्याः च प्रशंसाम् अकरोत्।

आरबीआई ग्राहकानाम्

## अधुना बैंक-एनबीएफसी-शिकायतानां शीघ्रं उत्तरदायित्वं च निराकृतं भविष्यति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतस्य रिजर्वबैङ्केन देशे कोटिकोटिबैङ्क-वित्तीयसेवा-उपभोक्तृणां हिताय शिकायत-निवारण-व्यवस्थां सुदृढां कर्तुं महत्त्वपूर्णः दूरगामी च निर्णयः कृतः, येन सुदृढीकरणस्य, पारदर्शितायाः, उत्तरदायित्वस्य च दिशि प्रमुखं कदमम् अङ्गीकृतम् अस्ति वषार्णां यावत् ग्राहकाः बङ्केषु, गैर-बैङ्क-वित्तीय-कम्पनीषु च परितः धावन्तः क्लान्ताः भवन्ति इति सामान्या शिकायतया, परन्तु तेषां समस्याः न समये एव निराकृताः भवन्ति, न च तेषां सन्तोषजनकाः प्रतिक्रियाः प्राप्यन्ते एतेषां अनुभवानां आधारेण, शिकायतां वर्धमानस्य च आधारेण अधुना आरबीआइ-संस्थायाः नूतनानि मार्गदर्शिकानि जारीकृतानि येन बङ्कानां एनबीएफसी-संस्थानां च अन्तः एकं सुदृढं आन्तरिकं तन्त्रं विकसितं भवति, यत् साधारणग्राहकानाम् प्रत्यक्षं लाभं प्राप्स्यति।

आरबीआईद्वारा निर्गतानाम् एतेषां मार्गदर्शिकानां अन्तर्गतं विनियमितसंस्थानां अन्तः आन्तरिकलोकपालस्य भूमिका अधिका स्पष्टा, प्रभावी, स्वतन्त्रा च कृता अस्ति। केन्द्रीयबैङ्कस्य मतं यत् यदि प्रारम्भिकपदे शिकायतां न्यायपूर्णतया पारदर्शकतया च निराकृतं भवति तर्हि ग्राहकानाम् बाह्यमञ्चानां वा बैंकलोकपालस्य वा समीपं पुनः पुनः गन्तुं आवश्यकता न भविष्यति। एतत् पदं न केवलं ग्राहकानाम् समयस्य ऊजार्याः च रक्षणं करिष्यति अपितु संस्थासु विश्वासं सुदृढं करिष्यति। नवीननियमानुसारं आन्तरिकलोकपालस्य नियुक्तेः कार्यस्य च स्पष्टमापदण्डाः निर्धारिताः सन्ति। एतत् वाणिज्यिकबैङ्केषु, लघुवित्तबैङ्केषु, भुगतानबैङ्केषु, गैर-बैङ्कवित्तीयकम्पनीषु, गैर-बैङ्कपूर्वभुगतानयन्त्रनिर्गमकेषु, ऋणसूचनाकम्पनीषु च प्रवर्तते।

## राशिफल

**मेष** : 29 जनवरी के दिन ये महत्वपूर्ण है कि आप पिछले प्रेम संबंधों से दूरी बनाए रखें क्योंकि शाम के समय में प्रॉब्लम हो सकती है।

**वृषभ** : विचारों में मामूली मतभेद के बावजूद, आपका साथी आपके साथ समय बिताना पसंद करेगा। तनाव से दूर रहें।

**मिथुन** : धन और स्वास्थ्य दोनों अच्छे रहेंगे। उन एक्टिविटी में शामिल होने पर विचार करें, जो आपको पसंद हैं।

**कर्क** : किसी भी मुद्दे को अनदेखा न करें। लॉन्ग डिस्टेंस के रिलेशनशिप में आज ज्यादा कोशिश की आवश्यकता होगी।

**सिंह** : अहंकार से संबंधित छोटी-मोटी समस्याएं हो सकती हैं। ऑफिस में एक्सपेक्टेशन को पूरा करने के लिए सावधान रहना चाहिए।

**कन्या** : मशीनों से काम करने वालों को अपना गोल पूरा करने में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**तुला** : सफलता के साथ कोई नया आइडिया लॉन्च कर सकते हैं। अपनी पेशेवर योग्यता दिखाने के लिए अधिक समय निकालें।

**वृश्चिक** : कभी-कभी कोई सीनियर आपकी ईमानदारी पर उंगली उठा सकता है, लेकिन उसका जवाब न दें।

**धनु** : अगर आप नोटिस पीरियड में हैं, तो दिन खत्म होने से पहले आपको नई नौकरी का प्रस्ताव मिल सकता है।

**मकर** : 29 जनवरी के दिन मैनेजमेंट कार्यों को संभालने वाले लोग ऑफिस पॉलिटिक्स का शिकार हो सकते हैं।

**कुंभ** : 29 जनवरी के दिन रोमांस पर ध्यान दें। कलाकारों और क्रिएटिव लोगों को आलोचना का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन** : 29 जनवरी के दिन बदलाव को अपनाएं। प्यार, करियर, धन और स्वास्थ्य में नए अवसरों के लिए खुले रहें।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध ने किया नक्षत्र परिवर्तन, इन राशियों को नौकरी-निवेश में होगा धन लाभ

व्यापार के कारक बुध श्रवण नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। यह गोचर बेहद खास और महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे कुछ राशि वालों को मनचाहा लाभ होने की पूरी संभावना बन सकती है। आइए इन लकी राशियों के नाम जान लेते हैं।

23 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजकर 27 मिनट पर बुध श्रवण नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। ज्योतिषियों के मुताबिक, श्रवण नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा और देवता भगवान विष्णु माने जाते हैं। इसे सीखने की क्षमता और ज्ञान का प्रतीक भी माना जाता है। इसका प्रभाव जातकों के सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाता है। वहीं बुध बुद्धि, वाणी और



संवाद के कारक माने जाते हैं। ऐसे में बुध का श्रवण नक्षत्र में आने का संयोग कुछ राशि वालों के लिए किस्मत चमकने के समान हो सकता है। इससे जातकों को व्यापार विस्तार में सफलता, शिक्षा में नए अवसर, करियर में कामयाबी और सामाजिक स्तर पर आगे बढ़ने के मौके भी मिल सकते हैं। हालांकि, छात्र वर्ग के जातकों को विशेष फलों की प्राप्ति भी संभव हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि-** बुध नक्षत्र परिवर्तन मेष राशि वालों के लिए शुभ रहेगा। आपको नए प्रोजेक्ट मिल सकते हैं और आमदनी में इजाफा होगा। धन लाभ के पूर्ण योग बन रहे हैं। आपकी रचनात्मक सोच नए अवसर दिला सकती है और आपका प्रभाव भी पहले से कई गुना बड़ सकता है। लोगों से बेहतर संवाद और व्यापार को नई दिशा देने में सफल होंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम भी पूरा होगा। अगर कोई वाद-विवाद कोर्ट-कचहरी में चल रहा है, तो उसमें आपको जीत मिलेगी।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों को विदेश यात्रा व अपने लक्ष्यों को पूरा करने में सहायता मिलने वाली हैं। आपको कहीं बाहर घूमने का भी मौका मिल सकता है। संवाद के लिए नए लोगों से मिलेंगे और विचारों का आदान-प्रदान बेहतर तरीके से करने में कामयाब रहेंगे। घर और बाहर सभी जगह सबका साथ मिलने वाला है। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए यह समय विशेष रूप से लाभकारी रहने वाला है। नौकरी व व्यापार दोनों ही क्षेत्रों में नए अवसर मिलेंगे। आपकी मेहनत रंग लेकर आएगी और आर्थिक क्षेत्र में तरक्की होगी। पुराने कर्ज या आर्थिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मीन राशि-** मीन राशि के लिए समय लाभकारी रहेगा, क्योंकि आपका भाग्योदय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। पारिवारिक वातावरण सुखद बना रहेगा। इस समय जीवन में किसी खास की दस्तक होगी और रिश्तों में मिठास आएगी। मार्केटिंग के क्षेत्र में कार्यरत लोगों के वेतन में वृद्धि होगी। नई नौकरी मिलने से जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आएंगी। पारिवारिक जीवन में प्रेम और सहयोग बना रहेगा। आर्थिक मामलों में समझदारी पहले से कई गुना आपकी बढ़ेगी। इस समय आपको शारीरिक समस्याओं से राहत मिलने के आसार हैं।

## खबर एक नजर...

### चांदी के कड़े का बंटवारा करने की बात पर मारपीट

**उज्जैन।** चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदिया में मकवाना परिवार के 2 भाईयों के बीच चांदी के कड़े का बंटवारा करने की बात पर मारपीट हो गई। दोनों ओर से पांच लोग घायल हुए है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि एक पक्ष से भंवरलाल मकवाना, उसका पुत्र दिनेश और बहू उर्मिला घायल हुए है। दूसरे पक्ष से कमल और उसकी मां शांताबाई घायल हुई है। घायल दिनेश मकवाना के अनुसार उसकी दादी के चांदी के कड़े का बंटवारा करने की बात पर पिता भवंरलाल के भाई पदमसिंह ने विवाद किया था। जब उक्त चांदी के कड़े सबसे छोटे चाचा मुन्नालाल कुछ साल पहले गिरवी रख चुके थे, जिसे नहीं छुडा पाने पर कड़े डूब गये। अब उसी कड़े के बंटवारे का लेकर विवाद किया जा रहा है। रात में वह पिता और पत्नी के साथ अलाव ताप रहा था, उसी दौरान पिता का भाई पदमसिंह और उसका पुत्र कमल पोता सुमित लाठियां लेकर आये और हमला किया।

### ट्रेन से शराब बेचने देवास से उज्जैन आते थे मां-पुत्र

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना पुलिस ने देवास के अम्बेडकर नगर में रहने वाली मीना पति बलराम चौहान और उसके पुत्र शिवा चौहान को कच्चा मसान क्षेत्र से हिरासत में लिया है। दोनों मां-पुत्र ट्रेक्टर की आड़ में छुपकर बैठे थे। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि दोनों के शराब बेचने की सूचना मिलने पर घेराबंदी की गई थी। दोनों को हिरासत में लेने पर उसके पास से एक काले रंग के बेग में रखी 2 प्लास्टिक की केन मिली है। जिसमें कच्ची जहरीली शराब भरी होना पाई गई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह ट्रेन से उज्जैन आते थे और आसपास के क्षेत्र में शराब बेचने के बाद ट्रेन से लौट जाते थे। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया था, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मां एक हाथ से दिव्यांग भी है। दोनों को देवास कोतवाली थाना पुलिस ने अपराधिक रिकार्ड भी पता किया जा रहा है। अवैध शराब के मामले में खाचरौद थाना पुलिस ने भी मंगलवार-बुधवार रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिलने पर जावरा से ग्राम पचलासी की ओर आ रहे बाइक सवार का पीछा किया, लेकिन बाइक सवार ने रफ्तार तेज कर ली। इस दौरान उसकी बाइक पर रखा बोरा गिर गया और वह भागने में सफल हो गया। बोरे में देशी शराब के 300 क्वार्टर भरे होना सामने आये है। थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया के अनुसार बाइक सवार की पहचान शरीफ पिता सुभान खां निवासी रतलाम रोड खाचरौद के रूप में हुई, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### अधेड़ ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**उज्जैन।** नागझिरी क्षेत्र का रहने वाला बाबूलाल पिता किशनलाल राठौर 50 साल वर्तमान में मक्सीरोड माधोपुरा में निवास कर रहा था। बुधवार को उसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे चरक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का कारण सामने नहीं आ पाया है। एक अन्य मामले में बुधवार शाम अतिरिक्त विश्वबैंक कालोनी में रहने वाली आरती पति लाखन मालवीय 30 साल ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने चरक अस्पताल में भर्ती किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 235-0 | 248-4 |
| मेन बाजार | 299-0 | 335-1 |
| मिलन डे | 680-4 | 468-8 |
| मिलन नाइट | 166-3 | 450-9 |

6 7 0

---

### ग्राम नजरपुर में आशापुरी मां भवानी मंदिर में चोरी की वारदात

# माता को नमन करने के बाद बदमाश ने निकाला चांदी का मुकुट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक बार फिर नकाबपोश बदमाशों ने मंगलवार-बुधवार रात मंदिर में चोरी को अंजाम दिया। बदमाश ने वारदात से पहले माता प्रतिमा को नमन किया और मुकुट उतार लिया, यहीं नहीं मंदिर में लगे छत्र भी चोरी किये। सुबह वारदात का पता लगाने पर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में बदमाश चोरी करते दिखाई दिये है।

घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर में आशापुरी मां भवानी का मंदिर बना हुआ है। बुधवार सुबह मंदिर प्रांगण में बने कमरे में पोते के साथ सोने वाले पुजारी अंतरसिंह हीरावत नींद से जागे और साफ सफाई के साथ पुजा अर्चना की तैयारी करने लगे। उसी दौरान मंदिर की खिड़की टूटी दिखाई दी, अंदर देखने पर माता के सिर पर लगा चांदी का मुकुट गायब था। मामले की सूचना मंदिर समिति के सदस्यों और पुलिस को दी गई। समिति सदस्य मंदिर पहुंचे और ताला खोला गया, इस दौरान सामने आया कि मुकुट के साथ मंदिर में लगे चांदी के छत्र भी गायब है। मंदिर में चोरी की खबर फैलते ही ग्रामीण भी एकत्रित हो गये। घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल टीम के साथ जांच के लिये पहुंच गये थे। जांच में पता चला कि बदमाश मंदिर की खिड़की की ग्रिल तोड़कर गर्भगृह तक पहुंचे है। मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गये। जिसमें बदमाशों की संख्या 3 से 4 होना सामने आई। एक बदमाश ने गर्भगृह में प्रवेश किया था। उसने चेहरे पर नकाब बांध रखा था। उसके साथ खिड़की के बाहर खड़े थे। गर्भगृह में पहुंचे बदमाश ने पहले माता की प्रतिमा को नमन किया। उसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश ने मुकुट निकालने के बाद ऊपर चढ़ने के लिये वहां रखी प्लास्टिक की बाल्टी का उपयोग किया, जिस पर खड़े होकर छत्र निकाले। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने करीब 8 किलो वजनी छत्र और मुकुट चोरी किये है। दानपेटी का नहीं तोड़ा गया। थाना प्रभारी खोवाल के अनुसार फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। क्षेत्र में आसपास लगे कैमरों को भी देखा जा रहा है। मंदिर नजरपुर से अलग क्षेत्र में बना हुआ, जिसके आसपास पवन चक्की लगी हुई है। क्षेत्र पूरी तरह से खुला हुआ है। बावजूद बदमाशों का पता लगाने के लिये सभी स्तर पर प्रयास शुरू कर दिये गये है। तकनीकी साक्ष्यों की मदद भी ली जा रही है।



### 4 दिन पहले बोरेश्वर महादेव मंदिर में वारदात

24-25 जनवरी की रात इंगोरिया थाना क्षेत्र के ग्राम दंगवाड़ा में प्रसिद्ध बोरेश्वर महादेव मंदिर में चोरी की वारदात होना सामने आया था। उस दौरान भी सीसीटीवी फुटेज सामने आये थे। जिसमें बदमाशों की संख्या चार दिखाई दी थी। 2 नकाबपोश बदमाशों ने मंदिर परिसर में प्रवेश कर वहां लगी दानपेटी को तोड़ा था और उसमें रखी दानराशि को बोरे में भरकर ले गये थे। वारदात के बाद पुलिस के साथ पड़ताल के लिये फिंगर प्रिंट टीम, खोजी डॉग भी पहुंचा था। इंगोरिया पुलिस बदमाशों का पता लगा पाती उससे पहले बदमाशों ने नजरपुर भवानी माता मंदिर में वारदात को अंजाम दे दिया।

### इधर कॉलेज के स्पोर्टस रूम में चोरी

देवासरोड स्थित पोलिटेक्निक कॉलेज के स्पोर्टस रूम में चोरी का मामला बुधवार को माधवनगर थाने पहुंचा। पुलिस ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा निदेशक/डायरेक्टर सुरेश कुमार जीनवाल की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। सुरेश कुमार के अनुसार चोरी की वारदात 10 से 12 जनवरी के बीच हुई है। बदमाश स्पोर्टस रूम से 2 कम्प्यूटर सेट, 2 पोर्टेबल स्पीकर, 2 साउंड सिस्टम, 1 वेक्यूम क्लिनर, इंटेक्स स्पीकर, माइक, कलर प्रिंटर चोरी कर ले गये है। चोरी गये सामान की कीमत हजारों रूपयों में है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिये है।

# इलेक्ट्रिशियन ने नोट में लिखा मर्जी से फांसी लगा रहा हूं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पड़ोसी के यहां सुन्दरकांड में गई पत्नी बच्चों के साथ मंगलवार रात घर लौटी तो उसने पति को साड़ी के फंदे पर लटका देखा। मामले की खबर मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया।

श्रीकृष्ण कालोनी में रहने वाला मुकेश पिता नंदकिशोर मकवाना 45 साल इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। मंगलवार शाम पड़ोस में रहने वाले परिवार के यहां सुंदरकांड का आयोजन रखा गया था। मुकेश की पत्नी 2 बच्चों को लेकर सुंदरकांड में शामिल होने चली गई थी। रात में वापस घर लौटी तो पति मुकेश को साड़ी के फंदे पर लटका देखा। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। मुकेश को नीचे उतारा गया और अस्पताल लाया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। जीवाजीगंज थाना पुलिस को सूचना मिली तो मर्ग कायम किया गया। बुधवार सुबह पता चला कि मृतक ने फंदा गले में डालने से पहले सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें चंद लाइने थी। थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि नोट में लिखा गया है कि किसी को परेशान नहीं किया जाये, मर्जी से फांसी लगा रहा हूं। वहीं परिवार का कहना कि मुकेश को कोई परेशानी नहीं थी, सब कुछ अच्छा चल रहा था। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया समझ से परे है। पुलिस के अनुसार मामला जांच में लिया गया है। परिजनों के बयान दर्ज किये जायेगें।

# ओलावृष्टि के बाद सर्द हवा, गिरा तापमान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से माह के अंतिम सप्ताह में मौसम पूरी तरह से बदला हुआ है। मंगलवार को बारिश और ओलावृष्टि के बाद दिन-रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार शाम फिर से सर्द हवा से ठंड बढ़ गई थी।

मौसम विभाग ने इस बार फरवरी के प्रथम सप्ताह तक ठंड का मौसम बना रहने का अनुमान जताया था, जो सटिक साबित होता दिखाई दे रहा है। माह के अंतिम दिनों में पश्चिम विक्षोभ की सक्रियता के बाद 25 जनवरी से मौसम में बदलाव आया गया था। आसमान में बादल छाये हुए थे और सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ गई थी। मंगलवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। जिसके बाद मंगलवार-बुधवार रात न्यूनतम तापमान में 3.8 डिग्री की गिरावट आ गई थी। वहीं बुधवार को अधिकतम तापमान भी 4 डिग्री कम हो गया। दिनभर 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलती रही, जो शाम ढलने के बाद हवा की गति 6 से 8 किलोमीटर की हो गई थी। जिससे ठिठुरन बढ़ गई थी। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 2 दिन ओर ऐसा मौसम बना रह सकता है।




### सिंहस्थ को लेकर उद्यानिकी विभाग की तैयारी, 30 जनवरी को भोपाल में फ्लॉवर एग्जीबिशन

# उज्जैन में 100 एकड़ में बनेगा फूलों का मेगा क्लस्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन में 100 एकड़ जमीन पर फूलों का विशेष उत्पादन क्लस्टर विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर यह क्लस्टर धार्मिक नगरी उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में फूलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ किसानों को स्थायी आय का साधन देगा।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर साल भर फूलों की बड़ी मांग रहती है। इसी को देखते हुए सरकार ने उज्जैन के आसपास व्यावसायिक पुष्प उत्पादन क्लस्टर विकसित करने की कार्य योजना बनाई है।

**सिंहस्थ 2028 को अवसर के रूप में देख रहा है विभाग-** मंत्री कुशवाह ने कहा कि सिंहस्थ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना के लिए फूलों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में बाहर से फूल मंगाने की बजाय स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित फूलों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन लागत घटेगी और किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे।



**किसानों की आय बढ़ाने पर फोकस-** क्लस्टर के माध्यम से उज्जैन और आसपास के किसानों को गुलाब, गेंदा, जरबेरा, रजनीगंधा, सेवंती, ग्लेडियोलस जैसे अधिक मांग वाले फूलों की वैज्ञानिक और व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि पुष्प उत्पादन को केवल पारंपरिक खेती न मानते हुए कृषि-उद्यम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**प्रदेश को पुष्प उत्पादन में अग्रणी बनाने की योजना-** मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले से ही पुष्प उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उज्जैन में 100 एकड़ का यह क्लस्टर राज्य को पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में नंबर-वन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# चायना डोर में फंसा खलिहान का उल्लू, पैर कटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बुधवार सुबह विक्रम नगर स्टेशन के पास से आशीष मधुरिया नामक युवक को चायना डोर में उलझा हुआ घायल उल्लू मिला था।युवक क्षेत्र में दुकान एवं सर्विसिंग सेंटर चलाता है। सूचना उसने वन विभाग के रेस्क्यू दल को दी थी। दल ने उल्लू का रेस्क्यू कर उसे पशु चिकित्सक को दिखाया और उपचार करवाया है। अभी उल्लू को घायल होने की स्थिति में वन विभाग रेंज कार्यालय में रखा गया है।

मकर संक्रांति की पतंगबाजी में चायना डोर पर प्रतिबंध था उसके बावजूद चोरी चुपके इसका उपयोग किया गया। शेष बची और वृक्षों में उलझी चायना डोर पक्षियों को हताहत कर रही है। बुधवार को मिला उल्लू चायना डोर में उलझकर बुरी तरह से जख्मी हुआ था। पशु चिकित्सक अरविंद मैथनिया के अनुसार खलिहानी उल्लू के दाहिने पैर एवं पर डोर से जख्मी हुए थे। एंटी सेप्टिक से ड्रेसिंग के साथ ही दर्द निवारक ड्राप दिया गया। घायल उल्लू को वन विभाग रेंज कार्यालय में रखा गया है। अगले एक दो दिन में उसे खुले वातावरण में छोड़ दिया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com